11 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 292

नेमरा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिजनों संग श्राद्ध कर्म से संबंधित विचार विमर्श किया



## झारखंड की पत्रकारिता के स्तंभ हरिनारायण सिंह को रांची प्रेस क्लब की श्रद्धांजलि

# हरिनारायण सिंह के नाम पर होगा क्लब का सभागार

■ हर साल एक पत्रकार को दिया जायेगा हरिनारायण सिंह स्मृति पुरस्कार

■ सम्मान स्वरूप हर साल पांच गरीब बच्चों को मुफ्त कोचिंग करायेगा एनआइबीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची प्रेस क्लब ने झारखंड की पत्रकारिता के स्तंभ और अपने संस्थापक सदस्य हरिनारायण सिंह को रविवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्लब ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर क्लब के कांफ्रेंस हॉल का नाम हरिनारायण सिंह स्मृति सभागार करने का फैसला किया। श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत हरिनारायण सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए सभी पत्रकारों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभी पत्रकारों ने एक सुर में कहा कि हरिनारायण सिंह जैसे व्यक्ति विरले ही होते हैं। उनके जैसा कोई और नहीं हो सकता है। हरिनारायण सिंह खुद एक संस्थान थे। उनमें पत्रकारिता के साथ सामाजिक व्यक्तित्व के सभी गुण समाहित थे। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद पत्रकारों ने हरिनारायण सिंह के साथ जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा किया और दिवंगत पत्रकार के कामों को याद किया। सभी ने कहा कि हरिनारायण सिंह में रिश्तों को निभाने का एक अद्भुत गुण था। इसलिए वह सभी के प्रिय थे। वह वास्तव में 'अजातशत्रु' थे। उन्हें किसी से भी बैर नहीं था और वह अपने पास आनेवाले हरि व्यक्ति की मदद को तत्पर रहते थे। वक्ताओं ने कहा कि हरिनारायण सिंह ने झारखंडकी पत्रकारिता को नया आयाम ही नहीं दिया, बल्कि पत्रकार हित में भी कई काम किये। इतना ही नहीं, रांची प्रेस क्लब की स्थापना में उन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभायी। वक्ताओं ने कहा कि हरिनारायण सिंह केवल एक पत्रकार ही नहीं, पत्रकारिता की संस्था थे। उन्होंने झारखंड के पत्रकारों के हितों के लिए लगातार काम किया।

### हरिनारायण सिंह स्मृति सम्मान

श्रद्धांजलि सभा में हरिनारायण सिंह की याद में हर साल सम्मान देने की घोषणा की गयी। हरिनारायण सिंह स्मृति सम्मान हर साल एक पत्रकार को देने का निर्णय लिया गया। इसके लिए रांची के सांध्य दैनिक 'बिरसा का गांडीव' के संपादक सह क्लब से सचिव अमरकांत ने तत्काल 10 हजार रुपये देने की घोषणा की।

### हर साल पांच गरीब बच्चों को मुफ्त कोचिंग

श्रद्धांजलि सभा में मौजूद राजधानी के चर्चित कोचिंग संस्थान एनआइबीएम के मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि उनका संस्थान हरिनारायण सिंह के नाम से हर साल पांच बच्चों को मुफ्त कोचिंग देगा। इन बच्चों के नाम की अनुशंसा रांची प्रेस क्लब द्वारा की जायेगी।



**ये रहे उपस्थित :** श्रद्धांजलि सभा में स्व हरिनारायण सिंह के पुत्र सह 'आजाद सिपाही' की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया के प्रबंध निदेशक राहुल सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा, प्रमोद झा, सुनील सिंह बादल, विनय कुमार, आलोक सिंह, आनंद मोहन, पूर्व सचिव अखिलेश सिंह, सत्य प्रकाश पाठक, भारत भूषण प्रसाद, क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, सह सचिव रतन लाल, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजू प्रसाद, आलोक सिन्हा, अरविंद कुमार, मोनू कुमार, चंदन भट्टाचार्य, सौरभ शुक्ला, मनोज कुमार, आमिर होदा प्रमुख रूप से मौजूद थे। (देखें पेज 03 भी)

## भावुक हेमंत ने पिता के बिना पहले जन्मदिन पर लिखा

# आज बाबा बहुत याद आ रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का रविवार को जन्मदिन था। पिता के बिना अपने पहले जन्मदिन पर सीएम बेहद भावुक हो गये। पुत्र धर्म के निर्वाह में लगे हेमंत सोरेन ने सुबह ही अपने दिवंगत पिता को याद करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा, आज बाबा बहुत याद आ रहे हैं। मुझे जीवन देने वाले मेरे जीवनदाता, मेरी जीवन की जड़ें जिनसे जुड़ी हैं, वही मेरे साथ नहीं हैं। बहुत कष्टकारी क्षण है यह।

**गुरुजी प्रकृति का अंश बनकर सर्वत्र व्याप्त हो गये :** हेमंत सोरेन ने आगे लिखा, जिनकी मजबूत उंगलियों ने बचपन में मेरे कदमों को थामा, जिनके संघर्ष और लोगों के प्रति जिनके निश्छल प्रेम ने मुझे संवेदनशीलता के साथ जीना सिखाया, हर कठिनाई को सहजता से अवसर में बदलना सिखाया और जब भी राह में अंधेरा हुआ, दीपक बनकर मुझे आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया, वह बाबा दिशोम गुरुजी प्रकृति का अंश बनकर सर्वत्र व्याप्त हो गये हैं।

**बाबा ने जन-जन की सेवा करने की शिक्षा दी :** सीएम ने लिखा, आज बाबा भले ही सशरीर हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन मुझे विश्वास है कि वे सूरज की हर रोशनी में हैं, हर पेड़ की छाया में हैं, हर बहती हवा में हैं, हर नदी की धार में हैं, हर उस अग्नि की लौ में हैं, जिसमें उन्होंने मुझे सत्य, संघर्ष, कभी न झुक कर-निडर होकर जन-जन की सेवा करने की शिक्षा दी।



### हर निर्णय में बाबा की शिक्षा देता है मार्गदर्शन

सीएम आगे लिखते हैं, मेरे बाबा के आदर्श, विचार और शिक्षा की सीख मेरे लिए सिर्फ पुत्र धर्म नहीं, सामाजिक दायित्व भी है। उन्होंने मुझे अपने लोगों से जुड़ना सिखाया, मुझे बताया कि नेतृत्व का अर्थ शासन नहीं, सेवा होता है। आज जब मैं अपने राज्य की जिम्मेदारी उठाता हूं, तो उनकी बातें, उनकी आंखों का विश्वास, उनकी मेहनत और संघर्ष से सना हुआ चेहरा, लोगों की पीड़ा खत्म करने वाला दृढ़विश्वासी मन, शोषितों-वंचितों और आदिवासी अस्मिता को मुख्यधारा में लाने का संकल्प, मुझे हर निर्णय में मार्गदर्शन देता है।

### बाबा मुझे गर्व है कि मैं आपकी संतान हूं

हेमंत ने लिखा, बाबा अब प्रकृति में हैं। अब इस मिट्टी में हैं, हवा में हैं, जंगलों में हैं, नदियों में हैं, पहाड़ों में हैं, गीतों में हैं, उन अनगिनत लोक कथाओं की तरह, जो हमेशा अजर-अमर रहती हैं। सीएम ने लिखा, बाबा मुझे गर्व है कि मैं आपकी संतान हूं, मुझे मान है कि मैं वीर योद्धा दिशोम गुरुजी का अंश हूं। वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद!

### नेमरा में पुत्र धर्म निभा रहे हैं सीएम हेमंत


बता दें कि सीएम हेमंत सोरेन फिलहाल अपने पैतृक गांव नेमरा में रह कर पुत्र धर्म का निर्वहन कर रहे हैं। दिवंगत दिशोम गुरु के श्राद्ध कर्म की तैयारियों के बीच वह शोक प्रकट करने के लिए आ रहे लोगों से मिल भी रहे हैं और राज्य की शासन व्यवस्था भी संभाल रहे हैं। इसके साथ-साथ वह पारंपरिक रीति-रिवाज भी निभा रहे हैं।

# दुनिया ने नये भारत की झलक देखी : मोदी

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर बोले पीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने की हमारी क्षमता और आतंकवाद के बचाव में आये पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने की हमारी क्षमता देखी गयी। पूरी दुनिया ने नये भारत के इस स्वरूप के दर्शन किये हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी तकनीकी और रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' की ताकत है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंच गयी है।

# शकुन रानी पर घिरे राहुल गांधी, नोटिस जारी

## दो बार वोट डालने वाले दस्तावेज को चुनाव आयोग ने बताया गलत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वोट चोरी के आरोपों पर नोटिस भेजा है। शकुन रानी नाम की महिला की ओर से दो बार मतदान को लेकर दिखाये गये दस्तावेज को उन्होंने गलत बताया है। सात अगस्त को राहुल ने दावा किया था कि चुनाव आयोग के आंकड़े बता रहे हैं कि शकुन रानी नाम की महिला ने दो बार मतदान किया। यह इसी का ही डाटा है। इस आइडी कार्ड पर दो बार वोट डाला गया है। इस पर जो टिक है, वो पोलिंग बूथ के अधिकारी का है। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि उनके कार्यालय ने इन आरोपों की शुरुआती तौर पर जांच की है। इसमें पता चला कि राहुल गांधी की ओर से प्रेजेंटेशन में दिखाये गये टिक मार्क इसी के आधिकारिक दस्तावेज नहीं हैं। इसके अलावा शकुन रानी ने भी बयान दिया है कि उन्होंने केवल एक बार ही मतदान किया। इसे देखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राहुल गांधी से उन दस्तावेजों को उपलब्ध कराने की मांग रखी है, जिनके आधार पर उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि शकुन रानी या किसी अन्य व्यक्ति ने दो बार मतदान किया। यह दस्तावेज इस मामले में विस्तृत जांच के लिए आवश्यक बताया गया है। नोटिस में कहा गया कि इन दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



### न्यूज रील्स

#### रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ इडी की चार्जशीट

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दायर चार्जशीट में दावा किया है कि उन्होंने अपराध से 58 करोड़ रुपये की कमाई हासिल की। यह रकम दो कंपनियों के जरिये आयी। इडी का कहना है कि इस धन का इस्तेमाल वाड्रा ने संपत्ति खरीदने, निवेश करने और अपनी कंपनियों के कर्ज चुकाने में किया। इडी के मुताबिक, आरोपित 58 करोड़ रुपये में से पांच करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड के जरिये और 53 करोड़ रुपये स्काइलाइट हॉस्पिटेलिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिये आये। दोनों कंपनियां वाड्रा के कारोबारी नेटवर्क से जुड़ी बतायी गयी हैं। जांच एजेंसी ने कहा कि यह रकम शेड्यूल अपराध से उत्पन्न हुई थी, यानी उस स्रोत से, जो पहले से अपराध घोषित है। चार्जशीट में कहा गया है कि वाड्रा ने इस रकम का उपयोग कई तरह से किया। इनमें अचल संपत्ति की खरीद, अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश, कंपनियों को लोन देने और समूह की कंपनियों के बकाया चुकाने जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG) | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3
Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

असीमित ऊर्जा के धनी
सच्चिदानंद सिंह जी
को 75वीं जन्मदिवस की बधाई
प्रभु श्री राम जी की कृपा से आप सदैव स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें एवं दिर्घायु हों ऐसी मंगलकामना।



सच्चिदानंद सिंह
अध्यक्ष
झारखंड प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन
पुत्र
शक्ति सिंह
अबीर्स ग्रुप ऑफ कंपनी, नई दिल्ली
अभिजीत सिंह, पारितोष सिंह, अंकित सिंह
दामाद अभय सिंह, राहुल कुमार शांडिल्य
भतीजा
प्रिंस अजमानी
प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख (विश्व हिंदू परिषद),
VHP-झारखंड

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# बिहार यात्रा में चुनावी मुद्दे तय कर गये अमित शाह

## ■ इस बार 'राष्ट्रवाद' और 'विकास' की पटरी पर दौड़ेगी चुनावी गाड़ी

## ■ एनडीए ने स्थानीय मुद्दों को लगाया किनारे, तो बौखलाया महागठबंधन

**बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अब माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। बिहार की सत्ता के दावेदारों के बीच इस बात पर मंथन चल ही रहा है कि किन मुद्दों को लेकर जनता के पास जायें, लेकिन इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य की यात्रा में चुनावी मुद्दों को सेट कर दिया। अमित शाह की बिहार यात्रा के बाद एक बात स्पष्ट हो गयी है कि इस बार बिहार में चुनावी मुद्दा स्थानीय नहीं रहेंगे। नीतीश कुमार ने हाल में कई लोक कल्याणकारी घोषणा करके विपक्ष से स्थानीय मुद्दा छीन लिया है। इसके अलावा अमित शाह ने यह भी साफ कर दिया कि बिहार में इस बार 'विकास' और 'राष्ट्रवाद' का मुद्दा ही चुनावी मैदान के केंद्र में रहेगा। पहलगाम हमला और उसके बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ मालेगांव मामले पर फैसला भी इसमें शामिल होगा। जानकारों का मानना है कि पहलगाम कांड और उसकी प्रतिक्रिया में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' से राष्ट्रवाद और देशभक्ति की जो भावना पैदा हुई है, वह लोगों के मतदान व्यवहार को प्रभावित कर सकती है। हो सकता है कि पुलवामा के बाद हुए लोकसभा चुनाव जैसी सुनामी नहीं आये, फिर भी राष्ट्रवाद की धारणा चुनाव को प्रभावित करेगी। असल में बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा वैसे काम नहीं करता है, जैसे लोकसभा चुनाव में करता है। इसलिए इस बार एनडीए ने अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया है। स्थानीय मुद्दों को किनारे लगाने की यह रणनीति कारगर साबित होती दिख रही है, जो विपक्षी महागठबंधन की बौखलाहट से साफ नजर आती है। बिहार के चुनावी माहौल में आये इस बदलाव का क्या है कारण और क्या होगा असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर एक तरफ विकास की पटरी पर एनडीए की गाड़ी भले दौड़ायी जा रही हो, लेकिन इस दौड़ में बीजेपी पाकिस्तान और आतंकवाद के मुद्दे पर भरोसा कुछ ज्यादा ही करने लगी है। पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बाद अब बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भी सीमांचल को लेकर बड़ा बयान देकर खलबली मचा दी है। इस बयान के बाद ये साफ हो गया कि पाकिस्तान और आतंकवाद के मुद्दे पर बीजेपी ने बिहार फतह की तैयारी पूरी तरह कर ली है।

### जो भारत में जन्मा, वही वोट देगा

पुनौरा धाम की सभा को संबोधित करते गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कहा भारत में जन्मा नहीं है, उसको भारत में वोट देने का अधिकार हमारा संविधान नहीं देता है। इसलिए मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकाला जा रहा है। लेकिन ये घुसपैठिये ही विपक्ष में वोट बैंक हैं। गृह मंत्री ने आतंकवाद का मुद्दा उठाते कहा कि कांग्रेस के समय देश भर में बम धमाके होते थे और आतंकी पाकिस्तान भाग जाते थे, कोई पूछने वाला नहीं था। उरी में हमला हुआ तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक किया, पुलवामा में हुआ तो हमने एयर स्ट्राइक किया, पहलगाम में हुआ तो 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया किया।

### लालू एंड कंपनी पर वार

अमित शाह ने आगे कहा कि लेकिन लालू एंड कंपनी और कांग्रेस के लोग संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध कर रहे थे। मैं मिथिलांचल के लोगों से पूछना चाहता हूं, मोदी जी को आतंकवादियों को जवाब देना चाहिए या नहीं? उधर मुजफ्फरपुर में बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने संवाददाताओं को संबोधित करते कहा कि निर्वाचन आयोग का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम स्वागत योग्य है। सीमांचल में जिस तरह से घुसपैठिये मतदाता सूची में शामिल हो गये हैं, उसे सही करना जरूरी है। बिहार को बंगाल नहीं बनने देंगे। बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठिये और रोहिंग्या के कारण स्थिति गंभीर है। सीमांचल में भी यही कोशिश की जा रही है। पर भाजपा बिहार के पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार को पाकिस्तान नहीं बनने देगी।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' भी मुद्दा

इसके पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को बिहार की कई जनसभाओं में मुद्दा बना कई बिहार की जनमानस को जगाने की कोशिश की। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को '100% सफल' सैन्य कार्रवाई के रूप में प्रचारित किया। इसके साथ ही 30 मई, 2025 को बिक्रमगंज की रैली में मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत की बेटियों के सिंदूर की ताकत देखी। उन्होंने बिहार की महिला मतदाताओं को भी राष्ट्रवाद नीति के साथ जोड़ा।



यहां तक कि संसद में पीएम मोदी इसे 'राम की नीति' से जोड़कर मतदाताओं के बड़े वर्ग सवर्ण, ओबीसी और ग्रामीण मतदाताओं को भी जोड़ गये।

### मालेगांव का फैसला

मालेगांव बम विस्फोट के मामले में आया फैसला भी 'ऑपरेशन सिंदूर' के बरक्स खड़ा हो कर एक सहायक मुद्दा बन जायेगा। यह मुद्दा विपक्ष पर इसलिए भारी पड़ने वाला है क्योंकि मालेगांव बम विस्फोट को विपक्ष ने हिंदू आतंकवाद से जोड़ कर बीजेपी की काफी आलोचना की थी। कहा जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। सत्ता की लड़ाई में बीजेपी अब बिहार में खुल कर 'भगवा आतंकवाद' शब्द गढ़ने वालों के विरुद्ध शंखनाद कर हिंदू आबादी को अपनी पकड़ में लेने की कोशिश करेगी। जनता के सामने तमाम विपक्ष से 'हिंदू आतंकवाद' का परिभाषा पूछेगी।

### कारगर होंगे ये मुद्दे

जानकारों का मानना है कि बिहार में धर्म या सांप्रदायिकता का एजेंडा विफल ही साबित होता रहा है। बीजेपी 2015 में इसे आजमा चुकी है। यहां विधानसभा चुनाव में जाति का समीकरण ज्यादा कारगर होता है। ऐसे में सवाल है कि धर्म या सांप्रदायिकता की तरह क्या राष्ट्रवाद का मुद्दा भी काम नहीं करेगा? क्या देशभक्ति का मुद्दा भी लोगों को एनडीए के पक्ष में एकजुट होने के लिए मजबूर नहीं करेगा? यह बड़ा सवाल है। इस पर बिहार चुनाव का बहुत कुछ निर्भर करेगा। लेकिन इतना तय है कि अब आने वाले दिनों में आतंकवादियों के खिलाफ और पाकिस्तान के खिलाफ की गयी कार्रवाई का जिक्र बिहार के संदर्भ के बगैर नहीं होगा। यह कहा जायेगा और खासतौर से बिहार के लोगों को याद दिलाया जायेगा कि प्रधानमंत्री ने बिहार की धरती पर ही संकल्प किया था कि आतंकवाद को मिटा देंगे। यह अपने आप बिहार के लोगों में गर्व की भावना भरने वाली बात होगी। उनकी नसों में राष्ट्रवाद का उफान भरने वाली होगी। इसके साथ धर्म का मामला स्वाभाविक रूप से जुड़ेगा। वह एक अंतर्धारा की तरह होगा। जितना प्रत्यक्ष अभी है, उतना नहीं होगा। अभी खुल कर यह बात कही जा रही है कि आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर लोगों की हत्या की। इस आधार पर कहा जा रहा है कि अब यह धारणा टूट गयी कि आतंकवाद का धर्म नहीं होता है। आतंकवाद का धर्म होता है और वह हिंदू विरोधी है। मालेगांव का फैसला भी इससे संदर्भित होगा।

### जातीय समीकरण होगा बेअसर

उधर बिहार में सभी पार्टियां अपना-अपना जातिगत समीकरण बैठाने में लगी हैं। ऐसे में अचानक यह नैरेटिव बने कि जाति नहीं, धर्म महत्वपूर्ण है और धर्म सिर्फ पहचान के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए सबसे अहम तत्व है, तो क्या होगा? जाति तोड़ने के लिए धर्म की इस अंतर्धारा के ऊपर राष्ट्रवाद का मुलम्मा चढ़ा होगा, जो चुनाव को प्रभावित करेगा। यह भी खास है कि बिहार में महिलाएं नीतीश कुमार का समर्थन करती रही हैं। अगर वे बदलना चाह रही होंगी, तब भी पहलगाम में नवविवाहित महिलाओं के सामने उनके पतियों को गोली मारने की घटना उनके ऊपर असर डाल सकती है।

ऐसे में अगर बिहार और बिहारियों के जीवन से जुड़े मुद्दे राष्ट्रवाद, देशभक्ति और धार्मिक ध्रुवीकरण के एजेंडे से ढक जाते हैं, तो महागठबंधन के साथ प्रशांत किशोर के लिए ज्यादा मुश्किल होगी, क्योंकि उनके पास कोई ऐसा कोई मुद्दा नहीं है। वे बदलाव की आकांक्षा रखने वाले वर्ग के सहारे राजनीतिक सफलता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा उनकी उम्मीद एनडीए खास कर जेडीयू के वोट से भी जुड़ी हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि नीतीश की सेहत बिगड़ने और उनके हाशिये में जाने से उस वोट का एक बड़ा हिस्सा प्रशांत किशोर की ओर जा सकता है। जहां तक राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की बात है, तो ध्रुवीकरण चाहे राष्ट्रवाद के नाम पर हो या सांप्रदायिकता के आधार पर हो, सबसे बड़ा नुकसान उसी को होना है। हालांकि नुकसान कम करने के लिए राजद, कांग्रेस और महागठबंधन की दूसरी पार्टियां भी पहलगाम हमले के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। आतंकवादियों और पाकिस्तान को निशाना बना रही हैं। पीड़ितों से सहानुभूति दिखा रही हैं, लेकिन यह वोट दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। महागठबंधन को अपनी रणनीति बदलनी होगी। दुर्भाग्य से यह बदली हुई रणनीति मुस्लिम प्रतिनिधित्व और कम कर सकती है। बहरहाल विपक्ष के सामने यह चुनौती है कि माहौल अभी ठंडा नहीं होना है। उसके मुकाबले विपक्ष को भ्रष्टाचार, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, पलायन आदि मुद्दों पर लोगों को जोड़े रखने की कोशिश करनी होगी।

# बिहार के उप मुख्यमंत्री के पास दो वोटर आइडी

## कांग्रेस ने बताया 'फर्जी वोटर', विजय सिन्हा का मांगा इस्तीफा

**नाम विलोपित करने का आवेदन दिया हुआ है : विजय सिन्हा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में वोटर लिस्ट को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। तेजस्वी यादव की दो वोटर आइडी मामले के बाद अब डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की दो वोटर आइडी होने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस के मुताबिक विजय सिन्हा का नाम दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में दर्ज है। ऐसे में वो फर्जी वोटर हैं, उन्हें उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने रविवार को कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रेस वार्ता के दौरान ये बातें कहीं।

राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रही है। वोटों की चोरी नहीं होती, तो आज केंद्र में यह सरकार नहीं रहती। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पर आरोप का जवाब भाजपा दे रही है। बिहार के उप



मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का बांकीपुर और लखीसराय दो जगह मतदाता सूची में नाम कैसे है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोट चोरी की जा रही है। इसके लिए सभी मतदाताओं को सजग रहना होगा। वहीं कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर राजेश राठौड़ ने पूछा कि विजय सिन्हा बतायें बांकीपुर और लखीसराय विधानसभा के वोटर लिस्ट में उनका नाम कैसे है। उन्होंने खुद दोनों जगह डलवाया है या फिर बीएलओ ने ये काम किया। साथ ही सवाल किया कि चुनाव आयोग डिप्टी सीएम को कब नोटिस देगा।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास दो मतदाता पहचान पत्र है। एक लखीसराय तो दूसरा पटना का मतदाता पहचान पत्र है। अगर विजय सिन्हा ने खुद फॉर्म नहीं भरा तो आयोग बताये कि उनका दो जगह पहचान पत्र कैसे बना। दिलचस्प यह है की दोनों कार्ड में उनकी उम्र भी अलग-अलग है। इससे साफ है कि एसआइआर की पूरी प्रक्रिया फर्जीवाड़ा है।

हालांकि इस बीच उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने तेजस्वी यादव के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि मेरा नाम दो जगहों की मतदाता सूची में है, जिनमें एक जगह पटना में नाम विलोपित करने का आवेदन दिया हुआ है। अभी मतदाता की फाइनल सूची नहीं आयी है, इसकी प्रक्रिया चल ही रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की प्रहरी है, संवैधानिक संस्थाओं का अपमान नहीं करती है।

# रांची को जल्द मिलेगी 10 लेन की हाइटेक सड़क

## नवंबर से शुरू होगा निर्माण कार्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में रहने वाले लोगों को जल्द ही 10 लेन वाली हाइटेक सड़क देखने को मिल सकती है। 10 लेन वाली सड़क पर इस साल काम शुरू करने की तैयारी है। इसका काम स्टेट हाइवे ऑथोरिटी ऑफ झारखंड को दिया गया है। प्रयास यह है कि नवंबर तक टेंडर फाइनल करके काम आवंटित कर दिया जायेगा। यह सड़क धुर्वा में विवेकानंद स्कूल के आगे से लेकर नया सराय होते हुए रिंग रोड तक बनेगी। इसकी लागत करीब 301 करोड़ की होगी। इसका मुख्य मार्ग 6 लेन का होगा, जिसपर वीवीआइपी, वीआइपी सहित अन्य खास वाहनों का परिचालन होगा। वहीं दोनों किनारे दो-दो लेन का सर्विस रोड होगा। सीआरपीएफ कैंप के आगे से पूरी सड़क ग्रीन फील्ड होगी जो आगे चलकर रिंग रोड में मिल जायेगी। इस सड़क पर बिरसा चौक से धुर्वा गोलचक्कर तक बनी स्मार्ट सड़क की तर्ज पर दोनों किनारे साइकिल ट्रैक होगा। साइकिल ट्रैक के ऊपर सोलर प्लेट लगाये जायेंगे। इससे उत्पन्न बिजली से सड़क पर लाइटिंग की व्यवस्था होगी। बेहतर ड्रेनेज सुविधा होगी। जगह-जगह पर बैठने की व्यवस्था होगी। पूरी सड़क को सुंदर लुक दिया जायेगा।

# श्री सुरेश्वर महादेव मंदिर से निकली विराट तिरंगा यात्रा

**1000 मीटर लंबा था राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा**

**संभाजी महाराज के बलिदान की झांकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री सुरेश्वर महादेव मंदिर, चुटिया से भव्य और विराट तिरंगा यात्रा रांची बजरंग दल महानगर संयोजक विक्रम साहू के नेतृत्व में 10 अगस्त को निकाली गयी। इसमें आकर्षण का केंद्र 1000 मीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान की झांकी रही। विक्रम साहू ने बताया विगत कई वर्षों से अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर श्री सुरेश्वर महादेव मंदिर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विकास की तरफ बढ़ रहा है। अखंड भारत की तरफ भी अपने पांव पसार रहा है। बलूचिस्तान में पश्तूनों के लिए अलग मुल्क के बाद अब सिंधुदेश का झंडा और उसका संविधान भी वहां के लोगों ने तय कर लिया गया।



बलूचिस्तान पाकिस्तान के ऊपर दबाव डालकर उसे आजाद करने की मांग कर रहा है। इसके बाद सिंधु देश की मांग भी अब जोर शोर से उठ रही है। वहां के स्थानीय लोगों ने सिंधु देश का झंडा और उसका संविधान भी तय कर लिया। जल्द ही भारत अखंड भारत के रूप में विश्व के सामने उभरेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष सुरेश साहू, विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष कैलाश केशरी, गुजा तिर्की, संजय कुमार,संतोष कुमार, शिवम सिंह, राजा साहू, विनीत राज, दीपक ठाकुर, अंकित सिंह, बिपिन, ऋतिक, लक्की, भाजपा महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, बलराम सिंह, जितेन्द्र वर्मा, गौतम साहू, अर्जुन साहू, दशरथ सिंह, मनपुरन नायक, मुकेश केशरी, उत्तम कुमार, केशव केशरी सहित सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.6 °C | 23.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.26 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.23 बजे |



## श्राद्ध कर्म के लिए संथाली और हिंदी भाषा में लिखा कार्ड बांटना शुरू

# नेमरा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिजनों के साथ श्राद्ध कर्म से संबंधित विचार-विमर्श किया

**श्राद्ध कर्म में किसी प्रकार की चूक नहीं हो इसके लिए सीएम लगातार दे रहे हैं निर्देश**

**श्राद्ध कार्यक्रम से पहले चकाचक होंगी सड़कें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/गोला।** बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म के छठे दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नेमरा स्थित अपने पैतृक आवास में परिजनों के साथ श्रद्ध क्रम से संबंधित विचार विमर्श किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परिजनों के समक्ष श्राद्ध कार्यक्रम से संबंधित किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन का श्राद्ध कार्यक्रम में आने जाने वाले लोगों के साथ किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

श्राद्ध कार्यक्रम में परिवार की भूमिका अहम होती है। पारंपरिक विधि विधान से अब तक जो कार्यक्रम हुआ हुआ है इसमें सबों का सहयोग सराहनीय रहा है।

**कई मंत्री-सांसद पहुंचे नेमरा :** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद नेमरा आने जाने वाले लोगों का तांता लगा है। रविवार को मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सांसद मनीष जायसवाल, विधायक ममता देवी सहित कई विधायक-सांसद मुख्यमंत्री से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किये। साथ ही उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

**कार्ड बांटना शुरू :** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म के लिए कार्ड बांटना शुरू हो गया है। कार्ड को संथाली एवं हिंदी भाषा में लिखा गया है। कार्ड में गुरुजी का फोटो लगायी गयी है। जिसमें दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन लिखा है। कार्ड के अनुसार दस कर्म 15 अगस्त एवं संस्कार भोज 16 अगस्त को रखा गया है। कार्यक्रम स्थान नेमरा को बताया है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रार्थी हैं।

**दिन-रात हो रहा है सड़क मरम्मति का कार्य :** गोला से नेमरा तक श्राद्ध कार्यक्रम से पहले सड़क चकाचक हो जायेगी। इसके लिए दिन रात काम किया जा रहा है। विभाग सड़कों को चकाचक करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। बताया गया कि श्राद्ध कार्यक्रम में राज्य भर के अलावा देशभर से कई हस्तिया शामिल होंगी। सड़क मार्ग से आवागमन में इन्हें कोई परेशानी नहीं होगी।





## छठे दिन भी दातून, पानी और चावल दिया



श्राद्ध कार्यक्रम के छठे दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्थानीय परंपरागत विधि से श्राद्ध क्रिया किया। घर से कुछ दूर नंगे पांव पहुंचकर सखूवा पत्ता में दतवन, चावल एवं पानी दिया। श्राद्ध क्रम से संबंधित भोजन मुख्यमंत्री की पत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने पारंपरिक रीति रिवाज से मिट्टी के बर्तन में बनाया। कल्पना मुर्मू सोरेन मुख्यमंत्री को प्रत्येक दिन श्राद्ध कार्यक्रम में देने वाले भोजन को खुद बनाकर मुख्यमंत्री को देती हैं।

## टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन ने नेमरा में सीएम हेमंत और विधायक कल्पना सोरेन से मिलकर गुरुजी को दी श्रद्धांजलि



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से रविवार को नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास में टाटा स्टील के सीइओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात की और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर टीवी नरेंद्रन ने कहा, हम गुरुजी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका जीवन सेवा, समर्पण और सद्भावना का अद्वितीय उदाहरण रहा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं साहस दें। हम सभी उनके योगदान और स्मृतियों को सदैव अपने हृदय में संजोये रखेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**वृष** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## चिरूडीह में शिबू सोरेन की प्रतिमा होगी स्थापित, नाम होगा 'स्टैच्यू ऑफ स्ट्रगल'

जामताड़ा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक स्वर्गीय शिबू सोरेन की प्रतिमा स्थापित करवायेगी। गुरुजी की आदमकद प्रतिमा जामताड़ा के चिरुडीह में लगवायी जायेगी और इसका नाम 'स्टैच्यू ऑफ स्ट्रगल' होगा। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में इसकी जनकारी दी। उन्होंने बताया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने चिरुडीह से ही महाजनों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका था। इसी दौरान 1975 में चिरुडीह कांड हुआ, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गयी थी। यह मामला न्यायालय में चला, जिसमें गुरुजी को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया गया। इसी घटना के बाद वे (शिबू सोरेन) 'गुरुजी' के नाम से प्रसिद्ध हुए।

## रांची प्रेस क्लब में आजाद सिपाही के संस्थापक स्व. हरिनारायण सिंह की याद में श्रद्धांजलि सभा

# 'मैं रहूं या ना रहूं, लेकिन यह अखबार निकलना चाहिए'

**पत्रकारिता को जीते थे हरिनारायण सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची प्रेस क्लब में रविवार को वरिष्ठ पत्रकार और क्लब के संस्थापक सदस्य स्व. हरिनारायण सिंह की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। सभा में स्व. सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए सभी पत्रकारों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने कहा कि हरिनारायण सिंह के साथ 1989 से साथ रहे हैं। हरिनारायण सिंह हम सब लोगों के लिए हरि भाई थे। इनकी खासियत थी, पद क्या है यह मायने नहीं रखता, ग्राउंड रिपोर्टिंग करने खुद चले जाते थे और खुद खबरों को टाइप भी किया करते थे। किसी भी विकट परिस्थिति में खुद मोर्चा लेते थे। पत्रकारों के लिए हमेशा खड़े रहते थे।

अनुज सिन्हा ने कहा कि हरि भाई पत्रकारिता करते नहीं थे, जीते थे और उनमें एक जुनून था। इसलिए वह ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए खुद चले जाते थे। कई-कई रातें फील्ड में ही रह जाया करते थे। आप समझ सकते हैं कि जिस अखबार का संपादक खुद लीड करता हो और किसी भी संकट में खुद मोर्चा लेता हो तो आप समझ सकते हैं कि उनका व्यक्तित्व कैसा होगा। अपने अधीनस्थ सभी व्यक्तियों के बारे में उनको पूरी जानकारी थी कि किससे और कैसे काम लिया जाये, यह हरि भाई ही जानते थे। आज उनके गढ़े हुए कई लोग बड़े-बड़े पदों पर आसीन हैं। उन्होंने कहा कि हरि भाई जब आजाद सिपाही अखबार निकाल रहे थे, तो उन्होंने हमसे कहा कि अनुज पत्रकारों के लिए अखबार निकाल रहे हैं, जिसमें अन्य संस्थाओं से निकले हुए रिटायर्ड लोग, जिन्हें कोई जगह चाहिए, वह जगह हम देंगे, यह सोच थी हरि भाई की। उन्होंने कहा कि यहां कई लोग जो अपने अनुभव को साझा करना चाहते हैं, उनके लिए एक स्मृति ग्रंथ निकले, जो मेसेज दे समाज को। इसे एक अखबार से जोड़ कर नहीं देखना होगा। एक जीवंत पत्रकार एक पैशनेट पत्रकार हरि भाई उनका क्या रोल रहा, कैसे सोचते थे, उनके बारे में सारा लेख और उनके बारे में अलग-अलग लोगों के अनुभवों को उसमें संकलित किया जाये। उन्होंने सुझाव दिया कि हरि भाई के नाम पर पत्रकारों के लिए एक सम्मान पुरस्कार भी शुरू किया जाये, ताकि हरि भाई की याद धूमिल न हो। उन्होंने कहा कि हरि भाई जब आये थे और इस बड़े पद तक पहुंचे तो इसमें सबसे बड़ा कारण था, उनका सहज स्वभाव। ऐसे व्यक्ति बहुत ही विरले मिलते हैं, अपने संस्थान, अखबार और सहयोगी के लिए समर्पित व्यक्ति।

रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि स्व हरिनारायण सिंह को कभी भी एक संपादक के रूप में नहीं, अपने अभिभावक के रूप में ही देखा है। हमने हमेशा उनके हाव-भाव और अभिव्यक्ति में उन्हें अपना अभिभावक के रूप में ही देखा है। उन्होंने कहा कि हरिनारायण सिंह सर जैसा कोई नहीं हो सकता। पत्रकार बहुत बड़े अच्छे नामचीन हो सकते हैं, लेकिन वैसे नहीं हो सकते जैसे हरिनारायणजी थे। सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि इस प्रेस क्लब को गढ़ने में उनकी महती भूमिका रही है। इसलिए इस सभागार का नाम हरिनारायण सिंह स्मृति सभागार किया जाये।



वरिष्ठ पत्रकार सुनील सिंह बादल ने कहा कि हरि भाई के संबंध के विषय में इतने भाव भर गये हैं कि क्या बोलूं, समझ में नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि हम अलग-अलग संस्थान में थे, लेकिन फिर भी हमेशा मुलाकात और बातचीत किया करते थे। उन्होंने कहा कि हरिजी आम जनता और पत्रकारों के संपादक थे। हमेशा वह एक आम आदमी की तरह सोचते थे और पत्रकारिता में जिस तरह का डेडिकेशन होना चाहिए, वो बातें उनमे थीं। इनके अंदर अहंकार नहीं आया कि मैं एक बहुत बड़ा पत्रकार हूं और सामने वाला व्यक्ति कौन है, क्या है। उन्होंने कहा कि मैं आकाशवाणी की ओर से बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके गांव उलिहातू गया था, लेकिन मुझे बहुत दुख लगा कि वहां कोई भी कार्यक्रम सरकार की ओर से आयोजित नहीं किया गया था। इस बात को हरि भाई के साथ शेयर किया, तो उन्होंने कहा कि पूरी बात आप लिख कर दीजिए। उसके बाद उन्होंने उसे उन्होंने अपने अखबार में जगह दी। ये हरि भाई ही कर सकते थे। हरि भाई जिस भी संस्थान में गये, उसे ब्रांड बना दिया।

प्रमोद झा ने कहा कि हरि भाई में पत्रकारिता के लिए जो जुनून था, वह प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने बताया कि पत्रकारिता के दौरान एक बार जब बोकारो में हथियार गिराये गये थे, तो उस घटना का कवरेज के लिए वे वहां पहुंच गये और जब वह वहां पहुंचे तो देख रहे हैं कि हरि भाई पहले से ही वहां मौजूद हैं। इस बात से वे उनके कायल हो गये।

आनंद मोहन सिंह ने कहा कि पहली बार पत्रकारिता के क्षेत्र में जब हमने कदम रखा, तो हरि सर के ही सानिध्य में। उस व्यक्ति में पत्रकारिता का ऐसा जुनून था कि कभी आराम के मूड में नहीं रहते थे। अगर वह दिल्ली से भी आते थे, तो वह खबरों में ही लग जाते थे। कोई खबर अगर छूट भी जाती थी, तो बहुत ही सहज भाव से इसे समझाते थे और हम जैसे छोटे पत्रकारों को समझाते थे कि खबर छूट गयी तो कोई बात नहीं, उसका फॉलोअप अच्छी ढंग से करो। यह हम जैसे छोटे पत्रकारों के लिए यह बहुत बड़ी साहस वाली बात होती थी। अगर दो-चार बार हम लोग किसी खबर में नहीं जाते थे, तो वह समझ जाते थे कि ग्राउंड रिपोर्टिंग नहीं हो रही है। यह उनमें सबसे बड़ी काबिलियत थी।

मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि नम आंखों से शब्द निकालते हुए अभिव्यक्ति करना पड़ रहा है कि हरिनारायणजी के साथ हमारा संबंध पुराना रहा है और हम उस वक्त नये थे और हमें पूरा प्रमोट किया करते थे। अपने अखबारों में जगह दिया करते थे और कहते थे कि आप अच्छे काम कर रहे हैं। हमेशा हम लोगों को दिशा दिखायी और सबकी मदद किया करते थे। उन्होंने कहा कि आप लोग उनके साथ काम किये हैं। मेरे दिल से एक बात निकल रही है कि हरि भैया का नाम से अगर एजुकेशन में जो बच्चे तैयारी करते हैं और गरीब हों, तो कम से कम पांच बच्चों को हंड्रेड परसेंट निःशुल्क उनके नाम पर पढ़ने के लिए आप लोगों को जिम्मे सौंप रहा हूं कि हरि भैया के नाम पर पांच गरीब बच्चे, जो भी हों, उन्हें हंड्रेड परसेंट निःशुल्क तैयारी अपने संस्थान में एनआइबीएम में करवायेंगे।

विनय कुमार ने कहा कि हरि भाई के साथ हमारा पुराना संबंध रहा है और झारखंड आने से पहले ही उनके साथ हमारा संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि अगर एक सबसे बड़ी उपलब्धि की बात कही जाये, तो यहां के पत्रकारों को समृद्ध करने में हरि भाई का बड़ा योगदान रहा है। इनकी पहल पर ही यहां के पत्रकारों की मानदेय में वृद्धि हुई। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अगर फैक्ट्री थे नेता पैदा करने के लिए, तो हरि भाई भी फैक्ट्री थे पत्रकारों को पैदा करने के लिए। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि हरि भाई अपने निर्णय पर अडिग रहते थे। आज कल ऐसे बहुत कम लोग हैं, जो अपनी बातों पर डटे रहते हैं। हरि भाई से बहुत कुछ सीखने को है।

अखिलेश सिंह ने कहा कि हमें उम्मीद नहीं थी कि इस तरह से हम लोग आज एक जगह इकट्ठा होंगे और हरि सर को याद करेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग के जैसे नये पत्रकारों के साथ भी बहुत ही सहज से बात करते थे और किसी खबर पर वह हमें फोन करके सुझाव भी देते थे। उनके साथ कभी काम तो नहीं किया, लेकिन इसके बावजूद भी उनका मार्गदर्शन हमेशा मिला करता था और खबरों के पीछे की क्या सच्चाई है, उससे भी वह अवगत कराते रहते थे।

सौरभ शुक्ला ने कहा कि हम पत्रकारिता में उस समय शुरुआत ही कर रहे थे और सर के साथ जुड़े थे। हम जैसे नये लड़कों पर विश्वास कर हमारी खबरों को प्रमुखता से और फ्रंट पेज पर बाय नेम खबर प्रकाशित किये। इससे हमें काफी बल मिला। चंदन भट्टाचार्य अपनी यादों को साझा करते हुए बताया कि हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम किया करते थे और हम हमारी बहुत ही दिली तमन्ना थी कि हम अखबार में काम करें।

कुबेर सिंह ने कहा कि हरि सर के साथ काम करने का मौका तो नहीं मिला, लेकिन उनके सानिध्य हमें हमेशा मिला करता था। अलग-अलग अखबारों में काम करने के बावजूद भी हमारी खबरों पर वह हमें फोन करके बधाई दिया करते थे और कहते थे कि बहुत अच्छा करते हो, इससे हम जैसे नये पत्रकारों को बहुत ही बल मिलता था।

हरिनारायण सिंह के पुत्र राहुल सिंह ने कहा कि भले ही हमारे पिता शारीरिक रूप से हमारे साथ मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा दी गयी शिक्षा अब भी महसूस कर रहा हूं। वह हमेशा कहा करते थे कि पत्रकारिता एक ऐसी जिम्मेदारी है, जिसमें देश और समाज के प्रति है। वे हमेशा कहा करते थे कि पत्रकारिता कि जिम्मेवारी बहुत बड़ी होती है, मैं रहूं या ना रहूं, लेकिन यह अखबार निकलना चाहिए। क्यों न मेरा मृत शरीर दरवाजे पर पड़ा रहे, तो तुम्हारा पहला कर्तव्य होगा कि पहले अखबार निकालो फिर उसके बाद हमारे मृत शरीर को। हमने कभी सोचा भी ना था कि ऐसी बातें कभी सच होंगी और वह दिन भी आया जब हम लोग पिताजी की अंत्येष्टि के बाद आये तो सबसे पहले एडिटोरियल में गये थे और पेज देखे। उन्होंने कहा कि पिताजी हम लोगों को बेड पर ही बड़े होते देखे थे। क्योंकि रात के 2:30 बजे वह वापस आते थे ऑफिस से और फिर सुबह 11 बजे चले जाते थे, तो जब वह ऑफिस से आते थे तो हम लोग सोये रहते थे और सुबह में हम लोग स्कूल चले जाते थे। उन्होंने कहा कि पिताजी ने एक बातें जो सबसे ज्यादा जोरदार सिखायी है, वह है कि लोगों से संबंध बनाना सीखो और जो संबंध उन्होंने बनाया है, उस संबंध को हमेशा आगे बढ़ाते रहना है, यह सीख हमें पिताजी ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# हरमू में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता






**रांची।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित भाजपा कार्यालय के सामने एक तेज रफ्तार कार (इनोवा) ने रविवार को बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य महिला घायल हो गयी। मृतकों में एक महिला, एक युवती और एक बच्चा शामिल है। यह घटना शाम में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को बुरी तरह रौंद डाला, जिससे उस पर सवार दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग आक्रोशित हो गये और कार चालक को पकड़कर जमकर पीटा। घटना की सूचना मिलने के बाद अरगोड़ा थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की।

इस हादसे के कारण हरमू रोड पर भारी जाम लग गया, इससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाया। लगभग डेढ़ घंटे तक सड़क जाम रहा। इस दौरान हरमू-अरगोड़ा रोड पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। एक महिला घायल है। कार को जब्त कर लिया गया है। चालक को पकड़ लिया गया है।

# हिंदपीढ़ी में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

### आक्रोशित लोगों ने आरोपितों के घरों में की तोड़फोड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के भट्टी चौक के पास रविवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। दिनदहाड़े हुई हत्या से नाराज मृतक के परिजनों ने जमकर उत्पात मचाया और आरोपितों के घरों और कार्यलय में तोड़फोड़ की। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। मृतक की पहचान साहिल उर्फ कुरकुरे के रूप में हुई है। साहिल की हत्या की घटना के कुछ देर बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपितों के घरों और कार्यालय में तोड़फोड़ की। गोली मारने वाले शख्स अरमान के घर में तोड़फोड़ कर घरेलू सामान को बाहर फेंका दिया गया। जबकि पूर्व पार्षद असलम के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की गयी है। तोड़फोड़ और हंगामा की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों को शांत कराया। इलाके में पुलिस की तैनाती कर दी गयी है। मृतक साहिल की मां ने पुलिस को बताया है कि अरमान नाम के युवक ने उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी है। उन्होंने पूर्व पार्षद असलम के भाई आसिफ पर भी गोली मारने का आरोप लगाया है। साहिल की मां का कहना है कि जेल से बाहर आने के बाद से आसिफ लगातार साहिल को धमकी दे रहा था। पुलिस ने हत्या के आरोपित को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। हत्या की वारदात के बाद हिंदपीढ़ी इलाके में तनाव का माहौल है। इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी भी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और छानबीन की। पुलिस ने साहिल के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जी रही है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि साहिल आर्म्स एक्ट के तहत जेल गया था और कुछ महीने पहले ही जेल से बाहर निकला था। जेल में रहने के दौरान साहिल और असलम के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसमें साहिल ने असलम और उसके भाई आसिफ के साथ मारपीट भी की थी। इसी विवाद के बाद से आसिफ, जो हाल ही में जेल से बाहर आया था, साहिल को लगातार धमकी दे रहा था। रविवार दोपहर को अरमान नाम के एक युवक ने साहिल को भट्टी चौक पर बुलाया और गोली मारकर फरार हो गया।

# चुनाव आयोग की प्रवक्ता बन गयी है भाजपा : लाल किशोर नाथ शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर झारखंड कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने पलटवार करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फर्जी मतदाता बनाकर और वोट चोरी का आरोप चुनाव आयोग पर जब से लगाया है। तब से पूरी भारतीय जनता पार्टी बौखलायी हुई है। नेता प्रतिपक्ष चुनाव आयोग से सवाल करते हैं। श्री शाहदेव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने चुनाव आयोग से कई अहम सवाल किये हैं, लेकिन बीजेपी के नेता चुनाव आयोग के प्रवक्ता बनकर इसका जवाब दे रहे हैं। इसी तरह झारखंड के सांसद निशिकांत दुबे अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चा में रहते हैं। उनका कहना है कि बांग्लादेशी वोटर का नाम कट रहा है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही है। क्योंकि एसआइआर के माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम कट रहे हैं। सांसद दुबे को इसका जवाब देना चाहिए कि बांग्लादेशी घुसपैठीये अगर हैं और उनका नाम मतदाता सूची में है, तो उसका जिम्मेवार कौन है? देश की सीमा की सुरक्षा किसकी ज़िमेवारी है। अगर कहीं घुसपैठिये हैं, तो इसके लिए सीधे तौर पर केंद्र की सरकर जिम्मेवार है। श्री शाहदेव ने कहा कि निशिकांत दुबे को कोई बयान देने के पहले सोच समझ कर बयान देना चाहिए। बीजेपी का जो एजेंडा है। उसको लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में कई अवसरों पर राज्य की जनता ने उनके एजेंडे विशेष कर घुसपैठियों का एजेंडा, धर्मांतरण का एजेंडा उसको नाकार चुकी है। श्री शाहदेव ने कहा कि हमारा यह मानना है कि राहुल गांधी ने जिन तथ्यों के साथ देश के सामने एक सवाल खड़ा किया है। चुनाव आयोग के निष्पक्षता को लेकर यह एक बहुत बड़ा विषय देश के सामने खड़ा है और कांग्रेस पार्टी वोट चोरी के मशले को एक अभियान के तहत देश के जनता के पास पहुंचने का काम करेगी। उनको जागरूक किया जाएगा कि आपके वोट की चोरी करके चुनाव आयोग बीजेपी को किस तरह से लाभ पहुंचा रही है, और उनका पूरा जो यह सिस्टम है। उसका पदार्फाश आने वाले समय में किया जायेगा।

# लायंस क्लब रांची ग्लोबल को सत्र 2024-25 के लिए किया पुरस्कृत




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने सत्र 2024-25 में अपनी सेवाओं और सामाजिक कार्यों से नया इतिहास रच दिया है। विभिन्न परियोजनाओं और जनहित कार्यों के लिए क्लब को एक साथ कई प्रतिष्ठित अवाड्र्स से सम्मानित किया गया। इन अवाड्र्स में परमानेंट प्रोजेक्ट, भोजन वितरण, सदस्यता वृद्धि पुरस्कार, जिला राज्यपाल पुरस्कार, सेवा गतिविधि पुरस्कार, उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार शामिल हैं, जो क्लब की सामूहिक मेहनत, निष्ठा और सेवा भावना का प्रमाण हैं। क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि ये सम्मान पूरे क्लब परिवार की एकजुटता, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण का परिणाम हैं। सभी सदस्यों, समर्थकों और सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी क्लब समाज के कल्याण के लिए और अधिक सशक्त परियोजनाएं लायेगा। इस अवसर पर यह भी संकल्प लिया कि सेवा कार्यों को और विस्तारित कर अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंचायी जायेगी।

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में भजन-संध्या में मनमोहक भजनों पर झूमे श्रद्धालु

### अन्नपूर्णा महाप्रसाद में तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 222वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण पिता स्व नंदलाल जालान एवं माता स्व उमा देवी जालान की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र विशाल अमिता जालान, उनके भाई मनीष मनीषा जालान, मिलन नम्रता जालान एवं उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे ने लगाया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। भजन-संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। सामूहिक रूप से महाआरती की गयी।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, गोविंद अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, संजय सर्राफ, बिजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी,मिलन जालान, राज जालान पवन कुमार पोद्दार, मनीष सोनी, महिला संतोष देवी अग्रवाल,विधा देवी अग्रवाल, शिला मुरारका, ललिता अग्रवाल, सिद्धी वंदना, विशाखा जालान राधिका जालान, महेश वर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार,अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार, आशीष कुमार, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# श्री मणिमहेश कैलाश के लिए जत्था रवाना

### समाजसेवी नंद किशोर सिंह चंदेल ने धर्म ध्वज और अंग वस्त्र देकर जत्थे को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रविवार को समाज सेवी नंद किशोर सिंह चंदेल ने श्री मणिमहेश कैलाश के लिए धर्म ध्वज और अंग वस्त्र देकर जत्थे को रवाना किया। निःशुल्क चिकित्सा उपकरण बैंक कैलाश की करुणा रांची के संस्थापक कैलाशी अरविंद सिंह कौशल के नेतृत्व में पांच राज्यों से 30 यात्रियों के जत्थे में 16 महिला और 14 पुरुष शामिल हैं। जत्था पठानकोट से चामुंडा देवी मंदिर, भरमाणी माता मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, स्वामी कार्तिकेय मंदिर, महिषासुर मर्दिनी मंदिर, धर्मराज मंदिर, नरसिंहा मंदिर, चौरासी मंदिर के बाद पवित्र शिव कुंड स्नान, श्री मणिमहेश कैलाश दर्शन कर 18 अगस्त को रांची वापस लौटेगा। जत्थे में स्वामी गंगानंद गिरी जी महाराज, अतुल कुमार, नलिन राज, पुनम कुमारी, पुष्पा कुमारी, शुभम श्रेष्ठ, पुष्पलता कुमारी, रेणु सिंह, अवधेश कुमार, नीतु कुमारी, जयश्री कुमारी, आर्यन आनंद, निलिमा कुमारी, अशोक सिंह, पिंकी सिंह, मनोज कुमार शुक्ला, स्मृति मनोज शुक्ला, भुपेंद्र सिंह धपोला, अभय कुमार निराला, राजीव कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिंह, रेणु देवी, सीमा देवी, अंजू वर्मा, नितेश कुमार श्रीवास्तव, सीमा देवी, कंचन देवी, कंचन ठाकुर, शामिल हैं।

# यूथ क्लब ने लगाया निःशुल्क कैंप




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को वार्ड 29 स्थित नौवा टोली में यूथ क्लब द्वारा सौरव लाल के नेतृत्व में सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पंहुचाने के लिए निशुल्क कैंप का आयोजन किया। कैंप में वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, अबुआ स्वस्थ कार्ड इत्यादि बनाया गया। क्षेत्र के लगभग एक सौ से भी अधिक लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजा सिंह, प्रभात ठाकुर, अजय श्रीवास्तव, राजू ठाकुर, दिलीप वर्मा, प्रदीप राजगढ़िया, अभिषेक सिंह, छोटू सरावगी, अशोक सरावगी, मनोज तिवारी, निशांत यादव, अमित अग्रवाल, ऋषभ सिंह, सुनील वर्णवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मॉल ऑफ रांची की दूसरी वर्षगांठ 13 अगस्त को

### मेगा लकी ड्रॉ में स्कोडा कुसाक कार बंपर इनाम के रूप में दी जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राजधानी के पसंदीदा शॉपिंग और एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन मॉल ऑफ रांची की दूसरी वर्षगांठ 13 अगस्त को मनायी जायेगी। मॉल प्रबंधन ने शहरवासियों को एक अविस्मरणीय शाम का हिस्सा बनने का निमंत्रण दिया है। रातू रोड स्थित मॉल के एट्रियम फ्लोर पर बुधवार शाम आयोजित होने वाले विशेष समारोह में मनोरंजन, फेस्टिव गेम्स, गतिविधियां और साल का सबसे बड़ा मेगा लकी ड्रॉ होगा। कार्यक्रम का आरंभ शाम 4:30 बजे होगा और देर रात तक चलेगा। मॉल में आने वाले लोगों को शानदार उपहार जीतने का रोमांचक अवसर मिलेगा। मेगा लकी ड्रॉ में स्कोडा कुसाक कार बंपर इनाम के रूप में दी जायेगी। इसके अलावा सैमसंग एलइडी टीवी, सैमसंग डबल डोर फ्रिज, फुली ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन, स्मार्टफोन, माइक्रोवेव ओवन, डिजिटल डोर लॉकर, हाइडिजाइन बैग्स व लेदर एक्सेसरीज, अमेरिकन टूरिस्टर ट्रॉली बैग्स, एलिगेंट डिनर सेट, फैबर बर्नर कुकटॉप समेत कई आकर्षक उपहार शामिल होंगे। मॉल प्रबंधन ने कहा कि पिछले दो वर्षों की यादगार यात्रा में हमें जो अपार स्नेह, विश्वास और सहयोग मिला, उसके लिए हम रांचीवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर कॉलोनी रातू रोड में रविवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मंदिर परिसर को विशेष तौर से बंगाल के कारीगरों के द्वारा सजाया जायेगा। इस अवसर पर वृंदावन से आये रसिक कुंज बिहारी दास के द्वारा भजनों का कार्यक्रम होगा। दुर्गा जागरण मंडली के द्वारा भी भजनों का कार्यक्रम होगा। मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने कही कि सुबह मंदिर के पंडितों द्वारा संस्कृत में श्री भागवत गीता का पाठ होगा। दोपहर से सामूहिक हरि गीता का पाठ भक्तों के द्वारा किया जायेगा। भगवान के जन्म के समय अलौकिक झांकी भक्तों के बीच में प्रस्तुत की जायेगी। उसके उपरांत भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रधान नंदकिशोर अरोड़ा, रामचंद्र तलेजा, चंद्रभान तेलजा, किशोरी पपनेजा, सुनील कटारिया, चंदन सिडाना, अरुण जसूजा, ललित किंगर, हरीश मनुजा, विकास घई, नरेश खत्री, कमल घई, निखिल घई, मुकेश सिडाना, विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गक्कड़, जिम्मी अरोड़ा, देवराज मनुजा, पवन पपनेजा, गगन अरोड़ा सहित समाज के कई लोगों का योगदान हो रहा है।

# अनुसूचित जाति समिति विभिन्न मांगों को लेकर राज्य भर में देगी धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति कोऑर्डिनेशन कमेटी के बैठक का आयोजन मान्या पैलेस मोरहाबादी में रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजू राम और संचालन संतोष कुमार रजक ने किया।

बैठक में पूर्व में हुई कार्यक्रम की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उपेंद्र कुमार रजक, संतोष रजक, राजू राम, कमलेश राम, गोविंदा वाल्मीकि ने संयुक्त रूप से कहा कि अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति 15 अगस्त के बाद प्रमंडल स्तर पर कई मांगों को लेकर विचार करेगी। इनमें समन्वय समिति अनुसूचित जाति आयोग, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, सफाई कर्मचारी आयोग का गठन और हाइकोर्ट में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने सहित अन्य मांगों को लेकर महाधारणा का आयोजन किया जायेगा। बैठक में वंशलोच राम, अशोक रजक, जगदीश दास, राजू रजक, दिलीप भुईयां, टूना रजक, जीवन राम, शिवजी राम, बिहारी राम, अर्चना मिर्धा, बजरंग रजक, संतोष रबी, गोविंदा वाल्मीकि, छोटू पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# गौसेवा से महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का हुआ शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में अग्रवाल सभा का 49वां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव रविवार को गौसेवा के पावन कार्य के साथ आरंभ हुआ। सुबह 7:30 बजे हरमू रोड स्थित रांची गौशाला में गौपूजन कर महोत्सव का पहला चरण प्रारंभ किया गया।

अग्रवाल सभा के निर्वतमान अध्यक्ष नंद किशोर पाटोदिया और उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने विधिवत गौपूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गौपूजा के बाद गौ माताओं को हरी घास, रोटी, गुड़ आदि खिलाया गया और उनकी आरती उतारी गयी।

इस अवसर पर सभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सफलता में योगदान दिया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में मनोज चौधरी, विजय खोवाल, कौशल राजगढ़िया, निर्मल बुधिया, कालू खेतान, अमर अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, अशोक लाठ, मनोज रुइया, सुनील पोद्दार, गौरव परसरामपुरिया, विनोद टेबरीवाल, राजकुमार मित्तल और मुकेश जाजोदिया की विशेष भूमिका रही।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# स्व. हरिनारायण सिंह को डॉ रामेश्वर उरांव, रवींद्र राय और अमरप्रीत सिंह काले सरदार समेत कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि








रविवार को वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक स्व. हरिनारायण सिंह के आवास पर पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, साथ में आलोक दुबे, संजय कुमार, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले सरदार, जयसिंह यादव, कांग्रेस नेता डॉ शशिभूषण राय ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। सभी ने इस दुख की घड़ी में परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

### शिबू सोरेन को राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों ने दी श्रद्धांजलि

# दिशोम गुरु के संघर्ष, जनसेवा और त्याग को हमेशा याद रखा जायेगा

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर इस दुख की घड़ी में उन्हें अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़/गोला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राज्य के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग नेमरा गांव में एकत्रित हुए। दूर-दराज से आये सभी लोगों ने गुरुजी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। मौके पर उपस्थित लोगों ने स्मृति-शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के योगदान, उनके जीवन मूल्यों और उनके जनसेवा के कार्यों को याद किया। लोगों ने गुरुजी के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुजी का जीवन संघर्ष, त्याग और जनसेवा का अनमोल मिसाल रहा है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी वे अडिग रहे और कभी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। जनसेवा के प्रति उनका अटूट समर्पण, संघर्ष और त्याग आने वाली पीढ़ियों के द्वारा हमेशा याद रखा जायेगा। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले लोगों में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री/विधायक, गणमान्य व्यक्ति सहित बड़ी संख्या में आम लोग शामिल रहे।

# रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

**विभिन्न धर्मों के गुरुओं ने सामूहिक रूप से की प्रार्थना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने रविवार को कांग्रेस भवन, रांची में पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत आत्मा की शांति के लिए एक सर्वधर्म प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर इतिहासकार डॉ इलियास मजीद ने गुरुजी की जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने शिबू सोरेन के व्यक्तित्व, उनके संघर्षों और झारखंड राज्य के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर चर्चा की। वक्ताओं ने उन्हें एक दूरदर्शी नेता, गरीबों और आदिवासियों के मसीहा और झारखंड के सच्चे जननायक के रूप में याद किया।

इस श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य रूप से शहजादा अनवर, जिला पर्यवेक्षक, राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष गौ सेवा आयोग, ज्योति सिंह मथारू, उपाध्यक्ष राज्य अल्पसंख्यक आयोग, राजीव रंजन राजू, चंद्र रश्मि पिंगुआ, रमेश पांडेय, शहीद अहमद, माधव कच्छप, विनोद सिंह, अमरजीत सरदार, संतोष कुमार, शैलेंद्र सिंह, सहाबीर लोहरा, नंद किशोर चंदेल, विजय टोप्पो, संजर खान, अख्तर अंसारी, हैदर अंसारी, रिजवान अंसारी, अब्दुस सलाम, संजय सरैया, खरगेश चंद महतो एवं ग्रामीण कमेटी के अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में इलेक्ट्रॉनिक पर्दे पर राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग का वोट चोरी का खुलासा से संबंधित वीडियो प्रसारित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि शिबू सोरेन का निधन झारखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका जीवन और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिए उनके देखे गये सपने को पूरा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी

# लोक सेवा समिति की 34वीं वर्षगांठ पर समारोह 31 को




आजाद सिपाही संवाददाता

**दिशोम गुरु शिबू सोरेन और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह की स्मृति और सम्मान को समर्पित होगा कार्यक्रम**

**रांची।** शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण सद्भावना सामाजिक विकास और मानवाधिकार के क्षेत्र में पिछले 34 वर्षों से निरंतर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत लोक सेवा समिति झारखंड की राजधानी रांची में एक कार्यक्रम का आयोजन कर जिससे एक परिचर्चा युवा में बढ़ता नशा और हिंसा एवं इस पर आधारित प्रेरणा नामक स्मारिका का लोकार्पण और सम्मान समारोह आदि का आयोजन करने जा रही है। यह कार्यक्रम झारखंड रत्न दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह की स्मृति और सम्मान को समर्पित होगा। समारोह में लोक सेवा समिति सेवा की 34वीं वर्षगांठ समारोह जिसमें संस्था की दशकों लंबी सेवा यात्रा और देशभर में किए गए सामाजिक कार्यों का स्मरण किया जायेगा। इस अवसर पर कई विशिष्ट व्यक्तियों को उनके असाधारण योगदान के लिए झारखंड रत्न विशिष्ट सेवा सम्मान एवं ₹राष्ट्रीय महिला गौरव सम्मान से चयन समिति द्वारा चयनित विभूतियों/संस्थानों को विभूषित किया जायेगा। ये सम्मान उन लोगों को दिये जायेंगे जिन्होंने–नशामुक्ति शांति सद्भावना, समाज सेवा और सामुदायिक नेतृत्व, शिक्षा एवं युवा विकास, महिला सशक्तिकरण एवं साहित्य, संस्कृति संरक्षण एवं जनजातीय कल्याण, जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया है। यह आयोजन केवल हमारे 34 वर्षों की यात्रा का उत्सव नहीं है, बल्कि उन सभी को सम्मान देने का अवसर है जिन्होंने समर्पण भाव और समर्पित कर झारखंड और देश की प्रगति में योगदान दिया है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने कहा इस कार्यक्रम को झारखंड रत्न दिशोम गुरु शिबू सोरेन (पूर्व मुख्यमंत्री) और वरिष्ठ पत्रकार समिति के संरक्षक रहे हरिनारायण सिंह जी के नाम समर्पित कर हम आने वाली पीढ़ियों को सेवा और कार्यत्व की प्रेरणा देना चाहते हैं। 34वीं वर्षगांठ समारोह 31 अगस्त को रांची में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री, अधिकारी, वरिष्ठ प्रबुद्ध नागरिक, राजनीतिक नेता, पत्रकार, समाजसेवी, शिक्षाविद एवं समुदाय के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह झारखंड के लिए गर्व और एकता का प्रतीक बनेगा। बैठक में झारखंड रत्न दिशोम गुरु शिबू सोरेन (पूर्व मुख्यमंत्री) और वरिष्ठ पत्रकार समिति के संरक्षक रहे हरिनारायण सिंह जी को समिति द्वारा सम्मान देते हुए 2 मिनट का मौन रख भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी और उनके व्यक्तित्व पर चर्चा हुई , बैठक में मुख्य रूप से फादर टोनी संगीता सिंह, जेबा साबुही, डॉ. आतउर रहमान, सुखेंद्र यादव, सुनील सिंह बादल, हाफिज अनस खान, डॉ. कमलेश, जफीर खान, शबाना परवीन आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद नौशाद ने की और सम्मानित होने वाले विभूतियों के नमों पर चर्चा की गयी। यह जानकारी लोक सेवा समिति के महासचिव प्रो हरविंदर बीर सिंह ने दी।

## कंपनी ने भुगतान नहीं किया मुंशियों ने ट्रांसपोर्टिंग रोकी

**केदला (आजाद सिपाही)।** सीसीएल की झारखंड उत्खनन परियोजना में निजी ट्रांसपोर्टर केएमजीए इंटरनेशन में काम कर रहे पांच मुशियों ने पेमेंट भुगतान नहीं होने पर कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य को रोक दिया है। इस संबंध में ट्रांसपोर्टर के यहां काम कर रहे बालेश्वर महतो, जेपी सिंह, रोहनलाल महतो, ध्रुव सिंह और सुमन सिंह ने बताया कि दो माह से हमलोग कंपनी में काम कर रहे हैं। कंपनी को प्रत्येक दिन 600 टन और महिने के 18 हजार एमटी कोयला झारखंड उत्खनन परियोजना से केदला वाशरी ट्रांसपोर्टिंग करना है। कंपनी हमलोगों को लिखित रुप से काम करने आदेश दिया है। लेकिन दो माह बितने के बाद भी हमलोगों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत दो मिनट के मौन से हुई, जिसके बाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों और श्रद्धालुओं ने शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी स्मृति को नमन किया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि शिबू सोरेन केवल राजनेता नहीं, बल्कि एक युगद्रष्टा थे। उन्होंने जीवनभर आदिवासी समाज के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि उनका नेतृत्व और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने शिबू सोरेन के विचारों व आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया। श्रद्धांजलि सभा में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, संजय सर्राफ, मधु जाजोदिया, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, गोविंद अग्रवाल सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# कराटे चैंपियन को बेल्ट, प्रमाण पत्र और मेडल देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से ओसिएनिक एक्जोटिका कराटे शाखा ने रविवार को प्रमाण पत्र सह मेडल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें हाल ही में आयोजित दो राज्य स्तरीय कराटे प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कराटेकारों को विभिन्न ग्रेड के बेल्ट, प्रमाण पत्र और बेस्ट कराटेकार पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रशिक्षक और अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, ब्लैक बेल्ट 5वीं डान, सेंसी रीतेश कुमार बॉबी तथा द्वितीय डान ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक सेंसी संदीप यादव ने भारत के मुख्य प्रशिक्षक हांसी मानस सिन्हा के मार्गदर्शन में किया। अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. लाला बिनोद प्रसाद, पूर्व आइएफएस आरके सिन्हा, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता आरपी सिंह, सेवानिवृत्त अभियंता आरबी शर्मा, माया प्रसाद और सुनैना रानी शर्मा ने विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किये। बेस्ट कराटेकार के रूप में आश्वि कपूर ब्लू बेल्ट, श्रेया कुमारी, त्रिशिका, रेयांश ऋषभ और सबसे छोटे कराटेकार शिवांश शर्मा ऑरेंज बेल्ट को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सेजल प्रिया, सनाया गुप्ता, शानवी शर्मा, श्रीजा सिन्हा, मायरा सिंह, अनमोल कुमारी को ऑरेंज बेल्ट और स्वास्तिका शर्मा, विवान शर्मा, ध्रुव, शिवांगी झा, मयंक राज, दिव्यांशी, पेरीमला ओवी और दिव्यम मिश्रा को पीला बेल्ट प्रदान किया गया।

# मौसम के पूर्वानुमान में कई चुनौतियां

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में अभी हाल ही में बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचायी है। खीरगंगा नदी में आयी बाढ़ ने पूरे गांव को मलबे में तब्दील कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा में कई लोगों की मौत हो गयी तो कई लोग लापता हैं, लेकिन सवाल ये है कि जब भूकंप और सुनामी का अलर्ट मिल जाता है, तो बादल फटने का अलर्ट देने में वैज्ञानिक क्यों फेल रहे हैं। आधुनिक तकनीक और मौसम विज्ञान के बावजूद वैज्ञानिक इसकी सटीक भविष्यवाणी क्यों नहीं कर पाते? आखिर इसमें कहां दिक्कत होती है। चलिए इसी सवाल का जवाब जानने की कोशिश करते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के पास रडार, उपग्रह और सुपरकंप्यूटर जैसे उन्नत उपकरण हैं, फिर भी बादल फटने की सटीक भविष्यवाणी करना मुश्किल है। इसके कई कारण हैं। पहला कारण ये है कि बादल फटने की घटनाएं छोटे इलाकों में होती हैं और अचानक से कम समय में हो जाती हैं। मौसम के मॉडल आमतौर पर बड़े क्षेत्रों के लिए डिजाइन किये जाते हैं और इतने छोटे स्तर पर सटीक डेटा जुटाना मुश्किल का काम होता है।

**बादल फटने की घटना क्या है :** देश में बादल फटने की घटना हर साल कई इलाकों में भारी तबाही मचाती है। यह एक ऐसी आपदा है, जो अचानक आती है और भारी नुकसान पहुंचाती है। बादल फटना कोई सामान्य बारिश नहीं है। बादल फटना उसे कहते हैं, जब किसी इलाके में कुछ ही मिनटों या घंटों में सैकड़ों मिलीमीटर बारिश हो जाती है। यह आमतौर पर पहाड़ी इलाकों में होता है, जहां नमी से भरे बादल अचानक एक छोटे क्षेत्र में भारी मात्रा में पानी छोड़ देते हैं। इससे बाढ़, भूस्खलन और जान-माल का नुकसान होता है।

> **बादल फटने की प्रक्रिया बहुत तेजी से होती है। नमी, हवा की गति और तापमान जैसी परिस्थितियां मिनटों में बदल सकती हैं। मौजूदा तकनीक इतनी तेजी से इन बदलावों को पकड़ने में सक्षम नहीं है।**

**तेजी से बदलने वाली स्थिति :** बादल फटने की प्रक्रिया बहुत तेजी से होती है। नमी, हवा की गति और तापमान जैसी परिस्थितियां मिनटों में बदल सकती हैं। मौजूदा तकनीक इतनी तेजी से इन बदलावों को पकड़ने में सक्षम नहीं है।

**पहाड़ी क्षेत्रों की जटिलता :** हिमालय जैसे पहाड़ी क्षेत्रों की बनावट की वजह से मौसम और वहां होने वाले बदलावों का सही अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। पहाड़ हवाओं को प्रभावित करते हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर बादल बनते और फटते हैं। इन सूक्ष्म बदलावों को मॉडल में शामिल करना मुश्किल है।

**तकनीकी सीमाएं :** मौसम रडार और उपग्रह भारी बारिश का अनुमान तो लगा सकते हैं, लेकिन बादल फटने की सटीक जगह और समय बताना अभी भी कठिन है। भारत में डॉप्लर रडार की संख्या सीमित है और पहाड़ी क्षेत्रों में इनका कवरेज कम है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली तेजस्विता, तीव्रता, तथ्यता और तत्परता के चतुर्भुज पर आधारित है। एक ऐसी शासन-धारा, जो केवल योजनाओं की घोषणा पर नहीं, धरातल पर दिखने वाले परिणामों पर विश्वास करती है। इसी शासन-शैली को अब गोयल को गति और गहराई देनी है। शशि प्रकाश गोयल, 1989 बैच के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। उनकी गिनती तकनीक पसंद अफसरों में होती है। गोयल ने अपने तीन दशकों से अधिक के प्रशासनिक जीवन में राजस्व, नगर विकास, गृह, पथ निर्माण, औद्योगिक विकास जैसे विभागों में निर्णायक भूमिका निभायी है।**

# शशि की दृष्टि-प्रकाश की नीति: उत्तर प्रदेश प्रशासन में सुशासन की नयी गति

**प्रणय विक्रम सिंह**

उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक परिदृश्य में मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के रूप में एक नयी संयमित सजगता का आगमन हुआ है। यह नियुक्ति मात्र वरिष्ठता की स्वीकृति नहीं, बल्कि सुशासन के सूत्रों को संयोजन से संचालन और दृष्टिकोण से निष्पादन तक पहुंचाने की एक जिम्मेदारीपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली तेजस्विता, तीव्रता, तथ्यता और तत्परता के चतुर्भुज पर आधारित है। एक ऐसी शासन-धारा, जो केवल योजनाओं की घोषणा पर नहीं, धरातल पर दिखने वाले परिणामों पर विश्वास करती है। इसी शासन-शैली को अब गोयल को गति और गहराई देनी है।

शशि प्रकाश गोयल, 1989 बैच के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। उनकी गिनती तकनीक पसंद अफसरों में होती है। गोयल ने अपने तीन दशकों से अधिक के प्रशासनिक जीवन में राजस्व, नगर विकास, गृह, पथ निर्माण, औद्योगिक विकास जैसे विभागों में निर्णायक भूमिका निभायी है। वे मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव के रूप में शासन के सबसे महत्वपूर्ण बिंदु पर क्रियाशील रहे हैं, जहां निर्णय केवल लिए नहीं जाते, उन्हें मूल्यांकन, मार्गदर्शन और मॉनिटरिंग के संतुलन से आगे बढ़ाया जाता है। उनकी प्रशासनिक शैली में संयम, संकल्प और संरचना का त्रिवेणी संगम देखा गया है।

> **शशि प्रकाश गोयल वर्ष 1989 बैच के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं।**

गोयल की कार्यशैली में मौन में मिशन, संकल्प में समर्पण और फाइल में फलितार्थ की वह शैली है, जो उत्तर प्रदेश जैसे विराट प्रदेश की जटिलता को संयमित संकल्पना और संरचित संप्रेषण से साध सकती है। उनकी दक्षता नीति के पृष्ठों से आगे जाकर जनता के पलकों तक पहुंची है। यही कारण है कि वे मुख्यमंत्री के सबसे भरोसेमंद अधिकारियों में सम्मिलित रहे हैं।

गोयल, मनोज कुमार सिंह का स्थान ले रहे हैं, जिन्होंने दुर्गाशंकर मिश्रा के पश्चात यह पद ग्रहण किया था। मनोज सिंह ने अपने सीमित कार्यकाल में ग्राम्य विकास की गहराई और फील्ड की तत्परता को शासन में समाहित किया। अब शासन की अपेक्षा एक ऐसे नेतृत्व की है, जो गति में गरिमा, दृष्टि में दीर्घता और निष्पादन में नयापन ला सके।

वर्तमान समय में मुख्य सचिव के समक्ष जो कार्य-सूची है, वह केवल योजनाओं की निगरानी नहीं, जनजीवन में योजनाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने की चुनौती है। जीपीसी-5 के तहत 5.06 लाख करोड़ की 5600 से अधिक परियोजनाएं, नकलमुक्त परीक्षाएं, भर्तियों में पारदर्शिता, खनन और भू-माफियाओं पर नियंत्रण, शहरी संयोजन से लेकर ग्राम्य सशक्तिकरण तक सभी मोर्चों पर परिणाम दिखाना अब केवल विभागों की जिम्मेदारी नहीं, मुख्य सचिव की न्याययुक्त निगरानी और निष्पादन-शक्ति की परीक्षा है। इसके साथ ही जेवर एयरपोर्ट और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजनाएं इस साल पूरी होनी हैं, वहीं पंचायत चुनावों की तैयारियां भी शासन को सहज और सशक्त नेतृत्व की ओर देख रही हैं। इन सभी लक्ष्यों की डोर अब एसपी गोयल के हाथों में है।

गोयल का पिछला कार्यकाल इस परीक्षा के लिए तैयारी की तरह रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय में रहते हुए उन्होंने सीएम डैशबोर्ड, जीबीसी संचालन, डिजिटल निगरानी प्रणाली, और जनपदीय रिपोर्टिंग तंत्र को सुदृढ़ बनाया। उनके नेतृत्व में विकास को वाक्य नहीं, व्यावहारिकता की भाषा मिली। अब यही अनुभव पूरे शासनतंत्र को गति और गंभीरता देने में सहायक हो सकता है।

**उत्तरदायित्व की उत्तरायण यात्रा :** अब यह कुर्सी केवल कागजों की कलमकारी नहीं, बल्कि परिणामों की पारदर्शिता का प्रतीक बन चुकी है। मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के समक्ष उत्तर प्रदेश को परियोजनाओं की परिकल्पना से निकालकर जनजीवन की जागरूकता तक पहुंचाने की चुनौती है। यह कार्य केवल नियमों की निगरानी नहीं, बल्कि न्यायसंगत निष्पादन की पुनःस्थापना है।

संक्षेप में कहें तो, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को धरातल पर उतारना ही मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल की सफलता की वास्तविक कसौटी होगी। जहां केवल योजनाओं की गति नहीं, बल्कि उनका जनजीवन पर पड़ने वाला प्रभाव ही उनके प्रशासनिक नेतृत्व की प्रामाणिकता सिद्ध करेगा। और इसमें किंचित भी संशय नहीं कि शशि प्रकाश की कार्यशैली में, उनके नाम के अनुरूप ही, चंद्रमा की शीतल दृष्टि और प्रकाश की प्रखर दिशा का संतुलित समागम है- न शोर, न प्रदर्शन केवल शांति में साधना और प्रक्रिया में परिणाम। यही सौम्यता और संकल्पशीलता उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षाओं के अनुरूप स्थिरता, संरचना और सिद्धि के संगम तक ले जाने में समर्थ बनाती है। यह कहना समीचीन होगा कि मुख्य सचिव के रूप में उनका कार्यकाल नीतियों के अनुपालन से आगे बढ़कर, जनजीवन में सुशासन की सजीव अनुभूति का आधार बनेगा- एक ऐसा उजास, जो शशि की तरह सहज हो और प्रकाश की तरह स्पष्ट।



**संक्षेप में कहें तो, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को धरातल पर उतारना ही मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल की सफलता की वास्तविक कसौटी होगी। जहां केवल योजनाओं की गति नहीं, बल्कि उनका जनजीवन पर पड़ने वाला प्रभाव ही उनके प्रशासनिक नेतृत्व की प्रामाणिकता सिद्ध करेगा। और इसमें किंचित भी संशय नहीं कि शशि प्रकाश की कार्यशैली में, उनके नाम के अनुरूप ही, चंद्रमा की शीतल दृष्टि और प्रकाश की प्रखर दिशा का संतुलित समागम है- न शोर, न प्रदर्शन केवल शांति में साधना और प्रक्रिया में परिणाम।**

## कोल्हान की खबरें

# जदयू का जेएनएससी को चेतावनी के बाद प्रदर्शन स्थगित, उप नगर आयुक्त ने दिया आश्वासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



फाइल फोटो।

**जमशेदपुर।** बीते दिनों जदयू जिलाअध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव के नेतृत में बैठक कर पश्चिम विधानसभा में नागरिक सुविधाओं से जुड़े समस्याओं को लेकर 10 अगस्त तक जेएनएससी को चेतावनी दी गयी थी। रविवार (10 अगस्त) को उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार से टेलीफोन में मिले आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया।बीते गुरुवार को जदयू जिला अध्यक्ष ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा में नियमित सफाई और फॉगिंग, ब्लीचिंग पाउडर और एंटी लार्वा छिड़काव की मांग को लेकर अल्टीमेटम दिये थे। उन्होंने जन समस्याओं को लेकर 11 अगस्त (सोमवार) को धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दिये। रविवार को उन्होंने जेएनएससी कार्यालय पर प्रस्तावित प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया। जिलाध्यक्ष के अनुसार कार्यकर्ताओं के फीडबैक में प्रदर्शन की घोषणा के बाद सफाई व्यवस्था में सुधार की जानकारी मिली है। साथ ही उपनगर आयुक्त कृष्णा कुमार ने फोन पर नियमित सफाई और फॉगिंग, ब्लीचिंग पाउडर और एंटी लार्वा छिड़काव का आश्वासन दिया। दो दिनों बाद वे प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर व्यवस्था सुधार पर चर्चा करेंगे। सवाल है क्या पश्चिम विधानसभा में आम जनता को राहत मिलने की उमीद जगी है, न आगे भी परेशानी झेलना होगा यह समय पर सामने आएगा। वैसे क्षेत्र में गंदगी से मच्छरों का दबदबा है। शून्य करना तो संभव नहीं लेकिन राहत मिलना जरूरी है।

# शिविर में 63 लोगों ने किया रक्तदान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) की ओर से रविवार को डोरेन सिंह मुंडा स्मृति भवन में रक्तदान शिविर में 63 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रविवार को जमशेदपुर के डीएफओ आरपी सिंह ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना,दिशोम गुरु शिबू सोरेन सहित समिति के संस्थापक सदस्यों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी,विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, थाना प्रभारी करमपाल भगत, समाजसेवी पवन अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। रक्तदान शिविर के आयोजन में प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, जमशेदपुर ब्लड बैंक,टैलेंट सर्च एकेडमी, श्रमजीवी उन्नयन गोबरघुसी और अमृत ग्राम विकास ट्रस्ट का अहम योगदान रहा। शिविर में 63 लोगो ने रक्तदान किया। मौके पर आयोजक समिति के द्वारा रक्तदाताओं को बैग, फलदार पौधे और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा रक्तदान दान महादान है। स्वस्थ व्यक्ति किसी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्तदान करते है यह एक जीवन रक्षक कार्य है। जो दुर्घटनाओं, सर्जरी या किसी बीमारी के कारण रक्त की कमी से जूझ रहे लोगों की मदद करता है। मौके पर श्री कालिंदी ने आयोजक समिति को बधाई देते हुए स्थानीय लोगों से इस तरह के आयोजन में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। वही डीएफओ आरपी सिंह ने उपस्तित लोगो को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राजकुमार सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में समिति के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर ईशान चंद्र गोप, महासचिव विजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल, मिहिर कुमार प्रमाणिक, शिशुपाल सिंह सरदार, रांगा सिंह सरदार, गोपाल कुमार, तापस हालदार, मुरारी कुमार समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

# विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, संवेदनाएं प्रकट की



**रामगढ़/ जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी रामगढ़ जिले के नेमरा स्थित स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव पहुंच कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। रविवार को मुलाकात के दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष इस कठिन समय में अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। विधायक ने कहा यह स्वीकार करना आसान नहीं है कि गुरुजी अब हमारे बीच नहीं हैं, वे हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। उन्होंने स्वर्गीय शिबू सोरेन के योगदान को अविस्मरणीय बताया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

# खरसावां पुलिस ने दो फरार अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार



**खरसावां (आजाद सिपाही)।** खरसावां पुलिस ने दो फरार अभियुक्तों अमित मुंडा और रमेश उर्फ अनल दा के घर में इश्तहार चिपका कर ससमय हाजिर होने को कहा। पुलिस के अनुसार दोनों पर सीएलए एक्ट और भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी के तहत आरोप हैं। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मानगो में जलापूर्ति सुधारें वरना होगा प्रदर्शन : सरयू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पीएचईडी को चेतावनी दी दुर्गा पूजा तक मानगो की पेयजल समस्या नहीं सुलझी तो जोरदार प्रदर्शन होगा। रविवार को जदयू की बैठक में उन्होंने कहा विभाग सुस्ती बरत रहा है। बालू-कचरे के कारण जलापूर्ति बाधित है। श्री राय ने नगर निगम को भी एक सप्ताह में कचड़ा निष्पादन, स्ट्रीट लाइट मरम्मत और कार्यप्रणाली सुधारने का अल्टीमेटम दिया। सोमवार को वे इन मुद्दों पर डीसी से मिलेंगे।

# कालिंदी हरिजन बस्ती में सड़क, नाली और शौचालय की मांग



**चांडिल (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कालिंदी हरिजन बस्ती में वर्षों से सड़क निर्माण नहीं होने पर करीब 1500 की आबादी नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। पक्की सड़क, नालियों और शौचालय की सुविधा न होने से लोगों को आवागमन में परेशानी, जलजमाव, गंदगी और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों ने समस्या के समाधान के लिए मुखिया, जिला परिषद और विधायक से शिकायत की। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की गुहार लगायी।**

# जिला प्रशासन की पहल से 28 सरकारी स्कूल की छात्राएं करेंगी श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेरणा और पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन की पहल से जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों की 28 छात्राएं 11 अगस्त को इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण करेंगी। इनमें पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, आश्रम आवासीय विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सहित अन्य स्कूलों की छात्राएं शामिल हैं।समाहरणालय परिसर से रवाना करते हुए डीसी कर्ण सत्यार्थी ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा यह अवसर विशेष रूप से ग्रामीण व वंचित समुदाय की छात्राओं के लिए बड़ा मौका है। शैक्षणिक भ्रमण से उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, रॉकेट प्रक्षेपण और उपग्रह प्रौद्योगिकी का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक होगा।

# बागबेड़ा में शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि, प्रतिमा स्थापना और मैदान का नामकरण का प्रस्ताव पारित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर एक स्थित डॉ. श्रीकृष्ण मेमोरियल संस्थान सभागार में बागबेड़ा झामुमो समिति के द्वारा स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रविवार को श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत दो मिनट का मौन रखकर और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।मौके पर वक्ताओं ने बागबेड़ा क्षेत्र में शिबू सोरेन की प्रतिमा स्थापित करने, वॉयरलेस मैदान में पौधारोपण करने और मैदान का नामकारण शिबू सोरेन के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा।जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।मौके पर जमशेदपुर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू, बागबेड़ा पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंहा, उप मुखिया संतोष ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, भोला झा, अनिल सिंह, इंद्रजीत सिंह, मनोज कुमार उर्फ मन्नू, पवन ओझा, अवध साह, राजकुमार सिंह, अरविंद पांडे, कुमुद रंजन सिंह, केडी मुंडा, रेंगो पूर्ती समेत कई लोग मौजूद रहे।

# मेराल में क्रशर संचालक पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

**क्रशर संचालक रामप्रवेश गुप्ता ने दो ज्ञात और एक अज्ञात पर कराई प्राथमिकी दर्ज**

बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय के बंका स्टेशन रोड में रविवार को दिन दहाड़े अज्ञात हमलावरों ने क्रशर संचालक रामप्रवेश गुप्ता को लक्ष्य कर गोली चालन की घटना में बाल बाल बच गये। इस घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। गोलीबारी की जानकारी मिलते ही मेराल थाना प्रभारी विष्णुकांत घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ग्रामीणों से लिया। साथ ही एसडीपीओ नीरज कुमार भी तुरंत घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि मामले को गहनता पूर्वक जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई किया जायेगा। इस संबंध में भुक्तभोगी रामप्रवेश गुप्ता ने मेराल थाना में दो ज्ञात और एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है।


घटनास्थल पर ग्रामीणों से पूछताछ करते सीडीपीओ थाना प्रभारी।

दिये गये आवेदन में कहा गया है कि एसजीएन पब्लिक स्कूल के बगल में अपने बाउंड्री गेट के पास खड़ा थे, तभी बाइक पर सवार दो व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नीयत से मुझपर गोली चलाया गया, लेकिन गोली मेरे बगल से निकल गयी। उसने दूसरा फायर भी करना चाहा, परंतु गोली नहीं चली। यह देख मैं जीएन पब्लिक स्कूल की तरफ जोर-जोर से हल्ला करते भागने लगा, हमलावरों ने कुछ दूर तक पीछा किया, परंतु आसपास के लोगों को आते देख दोनों मोटरसाइकिल से भाग निकले। जैसे ही मुझे मौका मिला मैं तुरंत मेराल थाना प्रभारी को गोली चालन की घटना के बारे में सूचना दिया। कहा है कि हमलावर मास्क पहने हुए थे, परंतु देखने पर तुरंत पहचान लेंगे। साथ ही कहा है कि 2 दिन पूर्व शाम करीब 6:37 बजे मेराल थाना क्षेत्र के ही लोवादाग गांव निवासी इदरीश अंसारी एवं जावेद अंसारी तथा एक अज्ञात व्यक्ति मेरे क्रशर पर जाकर मेरे पिताजी से मेरे बारे में पूछताछ कर रहे थे, इसी बीच मोबाइल नंबर 73700081478 से मेरे मोबाइल पर फोन कर मुझे देख लेने की धमकी दी गयी थी। इसके बाद पुनः 6:58 बजे फिर से फोन किया और देख लेने की धमकी दिया। घटना के बाद जब 3:21 बजे थाना में आवेदन देने गया तो भी इस नंबर से फोन आया, तो मैं डर के मारे फोन नहीं उठाया।

घटना के संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटनास्थल से एक कारतूस का खोखा बरामद हुआ है तथा आसपास के दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है, ताकि गोली चलाने वाले व्यक्तियों की पहचान किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस घटना के बारे में सभी बिंदु पर गहनता से जांच करते हुए टेक्निकल सेल का भी मदद लिया जायेगा, जिससे अपराधी की पहचान करते हुए उस पर कानूनी कार्रवाई किया जा सके।

# विधायक सत्येंद्र ने एक करोड़ की लागत से बननेवाले विद्यालय भवन और चहारदीवारी का किया शिलान्यास

**मेराल दक्षिणी जिप सदस्य प्रतिनिधि करीब अंसारी ने कहा कि जितना शिक्षकों को बहाल करना था, उसमें केवल कोरम पूरा किया जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल ।** विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने रविवार को गोंदा मध्य विद्यालय में एक करोड़ की लागत से बनने वाला विद्यालय भवन, चारदिवारी तथा शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के पठन-पाठन के लिए यह भवन का निर्माण किया जा रहा है जो गुणावता पूर्ण होगा। उन्होंने राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। इसका उदाहरण देते हुए कहा कि मेराल गोदाम से 2700 क्विंटल गरीबों का अनाज भ्रष्ट पदाधिकारी के मिली भगत से चोरी कर लिया गया है। इस मामले को जब मैं विधानसभा में उठाया तो तत्कालीन उपायुक्त द्वारा एक छोटे कर्मचारी जो दलित वर्ग से आते हैं उनको सस्पेंड करते हुए एफआईआर कर मामले को रफा दफा किया गया। इसका निष्पक्ष जांच के लिए मैने भारत सरकार के गृह मंत्रालय को लिखित आवेदन दिया है जिस पर जांच का आदेश हो गया। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि यहां सबसे बड़ा समस्या भ्रष्टाचार है, प्रखंड में 50 प्रतिशत कमीशन चलता हैं। उन्होंने कहा कि तत्कालीन डीसी के कार्य प्रणाली पहले के डीसी की अपेक्षा बेहतर है। उनके द्वारा हर प्रखंड कार्यालय का दौरा कर सभी कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी आने का सुधार हुआ है, लेकिन उनसे मिलकर बात करेंगे कि भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी पर भी लगाम लगाया जाये।



महिला जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता ने कहा कि भाजपा के सरकार में महिलाओं के नाम पर एक रुपये में जमीन रजिस्ट्री को बंद करने का आरोप लगाया। मेराल दक्षिणी जिप सदस्य प्रतिनिधि करीब अंसारी ने कहा कि जितना शिक्षकों को बहाल करना था, उसमें केवल कोरम पूरा किया जा रहा है। उन्होंने विधायक से मांग करते हुए कहा कि पारा शिक्षकों को अस्थाई करने तथा खाली पदों को भरने के लिए विधानसभा में मामला को उठाया जाये। विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने कहा कि मेराल हाई स्कूल से नेनुआ मोड होते हुए मकुंना रेलवे फाटक तक जो सड़क विधायक जी के द्वारा पिछले कार्यकाल में बनाया गया था उसकी दो वर्ष बाद ही तत्कालीन मंत्री द्वारा करोड़ो रुपए की लागत से बनवाया गया लेकिन 2 वर्ष बीतने के बाद ही यह सड़क काफी जर्जर हो गया है। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, बीडीसी कृष्णदेव प्रजापति आदि लोगों ने भी अपना अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, मंगल मूर्ति तिवारी, विभाग के जेई अनिल पांडे, संवेदक राकेश दुबे, विकास दुबे, मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, मनोज जायसवाल, शशिकांत दुबे, प्रकाश कुमार अरुण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के महामंत्री अमित कुमार ने किया किया।

## सहायक आचार्य की परीक्षा में सफलता अर्जित कर संजीव ने स्वर्गीय पिता के सपनों को किया साकार



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के रंका बौलिया पंचायत के कामता गांव निवासी स्वर्गीय महेंद्र नाथ पांडेय के तृतीय पुत्र संजीव कुमार पांडेय ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय सहायक आचार्य (सामाजिक विज्ञान) के पद पर सफलता अर्जित कर अपने स्वर्गीय पिता के सपनो को साकार किया। इस सफलता से उनके घर परिवार सहित गांव में खुशी का माहौल है। इस सफलता पर संजीव ने बताया कि पिता जी की हार्दिक इच्छा थी कि हम शिक्षक बन कर समाज सेवा करूं, लेकिन अफसोस की आज इस सफलता के मौके पर मेरे पिता जी मेरे साथ नहीं हैं, लेकिन उनके विश्वास और आशीर्वाद का परिणाम है कि आज हम इस मुकाम तक पहुंच सके। संजीव ने बताया कि इस सफलता में बड़े भईया दिलीप कुमार पांडेय (रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर)छोटे भइया प्रदीप कुमार पांडेय (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) का बहुत बड़ा सहयोग रहा अन्यथा आज हम इस मुकाम तक नही पहुंच पाते। इस सफलता पर अमित कुमार पांडेय, रवि कांत सिंह, राजेश कुमार पांडेय, संजीव शर्मा, शशि कांत पांडेय, कन्हैया तिवारी, अरविंद पांडेय, प्रवीण पांडेय, प्रवीण दुबे, सुधीर पांडेय सहित काफी संख्या में लोगो ने बधाई दी।

## रंका में हाथियों ने घर किया ध्वस्त, खा गये अनाज और महुआ, मुआवजा की मांग


हाथी के द्वारा गिराया गया घर के पास खड़ी विनोद प्रसाद की पत्नी।

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना वन क्षेत्र अंतर्गत चुतरू पंचायत ग्राम बरदरी के टोला हांड़ीघाट निवासी विनोद प्रसाद के कच्चे मिट्टी के घर को हाथी ने ध्वस्त कर दिया। वहीं पक्का घर के किवाड़ को तोड़ कर उसमें रखे दो क्विंटल चावल और ढाई क्विंटल महुआ को खा गये। जिससे हजारों रुपये की क्षति हुई है। इसके संबंध में विनोद प्रसाद ने बताया कि 10 अगस्त 2025 को लगभग 04:00 बजे दिन में दस की संख्या में हाथियों का झूंड आया और सबसे पहले मेरा कच्चा घर को गिरा दिया और पका घर का किवाड़ तोड़ कर उसमें रखे दो क्विंटल चावल और ढ़ाई क्विंटल महुआ को चट कर गये। वहीं खिड़की का रड को तहस नहस कर दिया। उन्होंने बताया कि चुतरू पंचायत के लोग हाथियों के आतंक से भयभीत हैं। आये दिन लगातार ऐसी घटनाएं होती रहती है। इसके बावजूद भी इस पर काबू पाने में वन विभाग के पदाधिकारी नाकाम रहे हैं। उन्होंने वन विभाग से घर गिराने और चावल महुआ का मुआवजा देने की मांग की है।

## बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य सह भाजपा नेता प्रो. नागेंद्र प्रसाद यादव का निधन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य सह भाजपा नेता प्रो. नागेंद्र प्रसाद यादव का निधन शनिवार को हो गयी। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी निधन की खबर मिलते ही भवनाथपुर के लोगो और छात्र छात्राओं के बीच शोक की लहर दौड़ गयी। उनका दाह संस्कार गढ़वा के सरस्वती नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि पुत्र अंशुल कुमार ने दी। उधर उनकी निधन की सूचना मिलते ही बीएसएम कॉलेज के प्राचार्य सीबी चौबे, पूर्व प्राचार्य आरपी शुक्ला, प्रो. सुरेंद्र चंद्रवंशी, प्रो. बीरेंद्र विश्वकर्मा, प्रो. अनेश सिंह, गुलाबचंद यादव, स्कंद कुमार भारती, लक्ष्मण बैठा, संतोष चंद्रवंशी, डॉ. सुनील कुमार जायसवाल, सपा नेता उमेंद्र यादव, शिक्षक सुजीत कुमार, मुखिया नंदलाल पाठक, विनय चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, संजय यादव, सुंदरदेव यादव, मधुलता कुमारी बड़ी संख्या में लोग गढ़वा स्थित उनके आवास पर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिजन को ढांढस बंधाते हुए अपनी संवेदना प्रकट किया।

## संजय ने निजी फंड से करायी दो चापाकल की मरम्मत



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रत्याशी प्रतिनिधि संजय राम ने अपने निजी खर्च से दो गांवों में खराब दो चापाकल की मरम्मत करायी। उक्त चापाकल कंचनपुर पंचायत के ग्राम खुरा (उरांव टोला) और ग्राम चटनियां (कोरवा टोला) में मरम्मत करायी गयी है। इस नेक कार्य के लिए संजय राम एवं गीता देवी को ग्रामीण जनता ने बधाई दी है। इस मौके पर मुखिया प्रत्याशी गीता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डायरिया प्रभावित बुका के तीन कोनिया टोला का स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अंतर्गत बुका टोला तिनकोनिया में डायरिया का प्रकोप फैलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रविवार को सीएचसी भवनाथपुर से चिकित्सकों की एक टीम प्रभावित टोला का निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और उन्हें डायरिया से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। जानकारी के अनुसार, इस टोला में अब तक लगभग ढाई दर्जन लोग डायरिया की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से एक वृद्ध महिला की मौत हो चुकी है, जबकि शेष सभी पीड़ितों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मरीजों की निगरानी कर रही है और आवश्यक दवाओं के साथ ओआरएस का वितरण भी कर रही है। चिकित्सक टीम के अनुसार प्रभावित क्षेत्र में स्वच्छता की स्थिति बेहद खराब है। अधिकांश घरों के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है, वहीं पालतू जानवरों को खुले में रखने से स्थिति और भी बिगड़ रही है। खुले में फैली गंदगी और दूषित जल ही इस बीमारी के प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों के बीच स्वच्छता की आदतों का अभाव स्पष्ट रूप से देखा गया, जिससे संक्रमण के फैलने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि दस्त या उल्टी के लक्षण दिखते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना जरूरी है, ताकि समय रहते इलाज शुरू हो सके और गंभीर परिणामों से बचा जा सके। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग के अनुसार स्थिति काबू में है, लेकिन पूरी तरह सामान्य होने में कुछ दिन लग सकते हैं। विभाग ने प्रभावित टोला में स्वच्छता अभियान चलाने और साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय प्रशासन को भी आवश्यक कदम उठाने की सिफारिश की है। इस मौके पर चिकित्सक टीम में डॉ रंजन कुमार, डॉ नितीश भारती, डॉ अभिनीत विश्वास, सीएचओ अंकित त्रिवेदी, विपिन कुमार शर्मा, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।



# श्रीमदभागवत शोभायात्रा निकाली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** श्रीराधा वंशीधर जी की पावन भूमि श्री बंशीधर नगर में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार और श्रीराधावंशीधर जी की जय के जयघोष के बीच सात दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का श्रीगणेश हुआ। कार्यक्रम के पूर्वार्द्ध में श्री बंशीधर मंदिर में विधिपूर्वक पूजा अर्चना के बाद मंदिर से प्रवचन पंडाल तक भव्य श्रीमदभागवत शोभायात्रा निकाली गयी।

तीर्थराज प्रयागराज से पधारे कथावाचक जगदगुरु रामानुजाचार्य श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी महाराज के संरक्षण में निकली यात्रा में मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव सिर पर श्रीमदभागवत रखकर सबसे आगे चल रहे थे। इस मौके पर मंदिर के आचार्य सत्यनारायण मिश्र, ट्रस्ट के सलाहकार राजेश कुमार पांडेय, धीरेन्द्र चौबे, व्यवस्थापक सुरेश विश्वकर्मा, नंदू लाल, प्रबंधक सुजीत कुमार अग्रवाल, यजमान नागेंद्र प्रसाद, डॉ निशीथ नीरव, बैजनाथ, मुक्तेश्वर, राजन समेत बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।



### श्रीकृष्ण की नजर में अर्जुन और सुदामा दोनों समान : एडीजे

एडीजे प्रथम संजय कुमार सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सभी को समान दृष्टि से देखते हैं। उनकी नजर में वीर अर्जुन और सुदामा दोनों समान हैं। श्रीकृष्ण का जीवन दर्शन मानव को सतपथ पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज में पोस्टिंग के दौरान एक बार श्री वंशीधर जी का दर्शन करने का अवसर मिला था अब श्री वंशीधर जी कृपा से इसी नगरी में सेवा का अवसर मिल गया है। यहां श्री वंशीधर जी की प्रतिमा अद्भुत और अलौकिक है। मंदिर आने पर अलग अनुभूति होती है। रजिस्ट्रार शैलेंद्र कुमार नापित ने कहा कि श्री वंशीधर जी यहां त्रिदेव के रूप में विराजमान हैं।

# मकरी के जंगल में मिला नवजात

**एक बार फिर हुई मां की ममता शर्मसार, नवजात बच्चे देखने वालों की उमड़ी भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** झाड़ी में मिला नवजात एक बार फिर हुई मां की ममता शर्म सार। हैरान करने वाली उक्त घटना सगमा प्रखंड के मकरी गांव से आया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के मकरी गांव निवासी चंदन बैठा घर के नजदीक यूके लिप्टश के जंगल में सुबह आठ बजे शौच के लिए जा रहे थे, इसी बीच झाड़ी से बच्चा रोने का आवाज आया, तो वे डरते हुए झाड़ी के पास गये तो देखा कि एक नवजात बच्चा रो रहा है। इसे देखते ही उन्होंने गांव निवासी बीरबल पंचायत के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा को फोन कर सूचना दी। इसके बाद मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा ने कहा कि बच्चे को लेकर मेरे घर आ जाइए, मैं अभी बाहर में हूं, मैं घर पहुंच रहा हूं। इसके इसके बाद नवजात बच्चे को मुखिया के घर लाया गया। ओही मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा के दरवाजे पर बच्चा देखने वालों की भारी भीड़ इकट्ठा हो चुका था। भीड़ को देखते हुए मुखिया ने इसकी सूचना धुरकी थाने को दिया। सूचना के बाद धुरकी थाने के एएसआई सुनील कुमार मुखिया के घर पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेते हुए उक्त नवजात को मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा को लिखित रूप से बच्चे की देख भाल के लिए जिमवारी दी है। अभी बच्चा मुखिया के पास स्वास्थ्य रूप से रखा गया है। इधर बच्चे को गोद लेने के लिए लंबी लाइन लगा हुई है। बताते चलें कि नवजात बालक का वजन अभी दो किलो सौ ग्राम तथा बिल्कुल स्वस्थ्य अवस्था में है।



# 21वीं जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा की तैयारी पूरी : अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल परिसर में 21वीं जिला स्तरीय स्कॉलरशिप प्रतिभा खोज परीक्षा - 2025 की तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। इस परीक्षा का आयोजन 31 अगस्त 2025 को जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित चयनित परीक्षा केंद्रों में किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने बताया कि यह परीक्षा गढ़वा जिले के छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा साबित करने और आगे की पढ़ाई में प्रोत्साहन पाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के जरिए न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता का आकलन होता है, बल्कि उनमें प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। उन्होंने कहा कि इसी परीक्षा से निकलकर अनेक छात्र-छात्राएं आगे चलकर यूपीएससी, आईआईटी, नीट, जेपीएससी, जैक व अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं और अपने घर-परिवार, समाज, राज्य एवं देश का नाम गर्व से रोशन कर रहे हैं।



ज्ञान निकेतन स्कूल गढ़वा के निदेशक सह डीपीएससीसी गढ़वा के सचिव मदन प्रसाद केशरी ने जिले के सभी योग्य और मेहनती छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और आने वाले समय में बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अपनी नींव मजबूत करें।

उन्होंने बताया कि यह परीक्षा कुल 100 अंक का होगा जिसका विषय सामान्य ज्ञान 25 अंक, सामान्य विज्ञान 25 अंक, गणित/तर्कशक्ति 25 अंक, साहित्य 25 अंक अवधि 1 घंटा 30 मिनट माध्यम हिंदी एवं अंग्रेजी समूह : ग्रुप अ - कक्षा 3 व 4, ग्रुप इ - कक्षा 5 व 6, ग्रुप उ - कक्षा 7 व 8, ग्रुप ऊ - कक्षा 9 व 10 इस प्रकार होगी।

## भाजपा कांडी मंडल कार्यसमिति की कार्यशाला

**कांडी(आजाद सिपाही)। भाजपा मंडल कांडी कार्यालय में प्रदेश एवं जिला कार्यालय के निर्देशानुसार मंडल कार्यसमिति की एक कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में मुख्य रूप से 'हर घर तिरंगा' एवं मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल के प्रत्येक घर, प्रत्येक बूथ और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा झंडा लगाया जायेगा। कार्यकारी सदस्य रामलला दुबे ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत लोगों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता फैलाना ही हमारा उद्देश्य है। इस अवसर पर अभियान से जुड़े संयोजक, सह-संयोजक सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।**

# समाजसेवी शौकत खान के पिता के निधन पर शोक सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप का गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में ग्रुप के सदस्य शौकत खान के पिता के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जेंट्स ग्रुप के सदस्य नंद कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शौकत खान के पिता स्वर्गीय हाजी अली जान खान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए जेंट्स ग्रुप के सभी सदस्यों ने उनके व्यक्तित्व की चर्चा किया। वक्ताओं ने कहा स्वर्गीय हाजी अली जान खान एक सरल स्वभाव के मिलनसार सच्चे इंसान थे। मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गयी। साथ ही परिजनों को इस दुख की घड़ी में असहनीय पीड़ा से उबरने के लिए भगवान से प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अलख नाथ पांडेय, सेंट्रल कमिटी सदस्य अजय कांत पाठक, वरिष्ठ सदस्यों विजय केशरी, नंद कुमार गुप्ता, दीपक केशरी, अशोक विश्वकर्मा, चंदन कुमार, रबीन्द्र केशरी आदि सदस्य उपस्थित थे।



# इस सप्ताह 'कॉफी विद एसडीएम' में स्थानीय गोताखोरों को किया गया आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के ने अपने साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बार क्षेत्र के गोताखोरों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय जल स्त्रोतों से जुड़ी जन सुरक्षा और बचाव कार्यों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से क्षेत्र के सभी गोताखोरों को आगामी बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आमंत्रित किया गया है।

इस संवाद कार्यक्रम में गोताखोरों से बचाव कार्यों के दौरान आने वाली चुनौतियों, सुरक्षा उपकरणों की जरूरत, प्रशिक्षण और प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय पर चर्चा की जायेगी। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि गोताखोरों का कार्य अत्यंत जोखिम भरा है, और उनका अनुभव हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि उनके काम के लिए आवश्यक संसाधन और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किये जाएं। इस बैठक में उनकी निजी समस्याओं और सुझावों को भी सुनकर समाधान खोजा जायेगा। संजय कुमार ने कहा कि गढ़वा में नदियों, डैम, तालाबों और बरसात के मौसम में डूबने की घटनाएं अक्सर घटती हैं। इन घटनाओं के वक्त सबसे पहले मौके पर गोताखोरों की जरूरत होती है। किंतु कई बार प्रशासन से इनका सीधा संपर्क न होने के कारण समन्वय नहीं हो पाता है। क्षेत्र के कुशल गोताखोरों को प्रशासन के संपर्क में रखने तथा इनको प्रोत्साहित करना जरूरी है। स्थानीय गोताखोरों का अनुभव स्थानीय जलधाराओं, गहराई, और रेस्क्यू की बारीकियों को समझने में मदद करेगा। उन्होंने क्षेत्र के गोताखोरों से अनुरोध किया है कि वे आगामी बुधवार 13 अगस्त को 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय में आयोजित होने वाले इस कॉफी संवाद कार्यक्रम में जरूर आयें।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# कर्रा के बिनगांव में शिवलिंग को किया खंडित, कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** हिंदुओं के धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ कर सनातनियों की आस्था पर हो रही चोट से हिंदू समुदाय में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अभी रनिया में बजरंगबली मंदिर में तोड़फोड़ को लोग भुले भी नहीं थे कि हिंदुओं के सबसे पवित्र सावन माह, वह भी पूर्णिमा जैसी पवित्र तिथि में कर्रा थाना क्षेत्र के बिनगांव के महादेव मंडा स्थित शिवलिंग को शनिवार की रात असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया और नाग के मुकुट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले की जानकारी उस समय मिली, जब गांव का एक बच्चा मंदिर के सामने से गुजर रहा था। मंदिर का दरवाजा खुला देखकर वह अंदर गया और टूटा हुआ शिवलिंग देखा। इसके बाद उसने तत्काल ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर के पास जमा हो गये और पुलिस को घटना की जानकारी दी। कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि दोषियों की पहचान कर शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**प्रशासन का दावा, जल्द होगी दोषियों की गिरफ्तारी :** इसको लेकर रविवार को प्रशासन ने स्थानीय प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक की। प्रशासन ने दावा किया है कि शिवलिंग को खंडित करने वालों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। बैठक में कर्रा अंचल के सीआई दीपक कुजूर, मुखिया ज्योति मिंज, बजरंग दल के बिरेंद्र सोनी, राम प्रताप देव, अंजय महतो समेत ग्रामीण और गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में ग्रामीणों ने घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कर्रा थाना प्रभारी और अंचल प्रशासन को लिखित ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि सावन के अंतिम दिन दिनभर भगवान भोलेनाथ की भक्तिभाव से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की थी और रात को हिंदुओं की आस्था पर चोट करते हुए तोड़फोड़ की।

ग्रामीणों का कहना है कि 20-25 साल पूर्व भी ऐसी घटना हुई थी और अब इसका पुनरावृत्ति होना असहनीय है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने दावा किया है कि शीघ्र ही अभियुक्तों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर बाजरटांड चबूतरा के समीप रैयत विस्थापित मोर्चा, झारखंड मुक्ति मोर्चा और झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में श्रद्धांजलि सह शोकसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इकबाल हुसैन और संचालन इदरीस अंसारी एवं सचिन पासवान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम मे झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री व झामुमो के संस्थापक धरती पुत्र दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर शोक प्रकट किया गया। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गयी और दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। इस दौरान शिबू सोरेन अमर रहे का नारा लगाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनके जीवनी प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन ने राज्य की जनता के हक और अधिकार के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया है। उनके संघर्ष को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उनका निधन झारखंड राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की गयी। इस अवसर पर इकबाल हुसैन, पूर्व मुखिया सरोज देवी, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष प्रकाश यादव, जागेश्वर दास, रंथू गंझू, बिजय लाल, मोहम्मद असलम, धनेश्वर गंझू, जेपी महराज, अर्जुन गंझू, महेश प्रसाद, पंकज राम, अनिमा कुजूर, गौरी देवी, मिश्रा पासवान, सुरेक्ष गंझू, चंदन शर्मा, धनंजय कुमार, मोहम्मद मोख्तार, कृष्णा, देवनाथ, सुनील, दिनेश टाना भगत, अब्दुल सहित कई समाजसेवी, राजनीतिक दल के लोग भी मौजूद थे।

## सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने नेमरा जाकर गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

खूंटी (आजाद सिपाही)। सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के खूंटी जिलाध्यक्ष संजय कुमार पाठक एवं जिला सचिव नेली लूकस के नेतृत्व में सहायक प्राध्यापकों ने रविवार को स्व शिबू सोरेन के गांव नेमरा जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मौके पर शिक्षक नेताओं ने सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा खूंटी की ओर से संवेदना व्यक्त करते हुए गुरुजी को श्रद्धांजलि दी। मौके पर बिनोद बिहारी महतो, बिनोद तिवारी, संजय दुबे, दिलशाद अहमद, सुमन कुमार, ऋषिकेश पाठक, सुशील पांडेय, निरंजन दे, भागवत तिवारी, बैजनाथ महतो आदि मौजूद थे।

# केडीएच में चैलेंजर फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** केडीएच खेल मैदान में रैंबो क्लब के द्वारा 41वां चैलेंजर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो और विशिष्ट अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, खान प्रबंधक राघवेंद्र गांधी, समाजसेवी रोहन गंझू, श्रमिक नेता गोल्डन प्रसाद यादव, नरेश गंझू, राम लखन गंझू उपस्थित थे। सबसे पहले सभी अतिथियों ने खेल ध्वज फहराया गया। इसके बाद अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर खेल की शुरूआत की गई। इससे पूर्व आए हुए अतिथियों का आयोजन समिति के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने कहा कि फुटबॉल का खेल प्राचीन जमाने से ग्रामीण स्तर पर खेले जाने वाला खेल है। झारखंड में भी फुटबॉल खेल काफी लोकप्रिय है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खेल में अपनी पहचान बन चुके हैं । प्रतियोगिता का पहला मुकाबला चिता इलेवन बनाम केएफसी कुसुम टोला के बीच खेला गया। जिसमें चिता इलेवन की टीम एक गोल से विजयी रही। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अर्जुन उरांव को चुना गया और उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर प्रकाश महतो, रामजतन गंझू, राजकुमार गंझू, राजू सिंह, राजकुमार मुंडा, सुनील कुमार, इंद्रदेव ठाकुर, राज बहादुर, महेंद्र गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

# बारिश के बाद हेसल के पास निर्माणाधीन रांची-मुरी फोरलेन सड़क तालाब में तब्दील



हेसल के पास निर्माणाधीन रांची-मुरी फोरलेन सड़क पर जमा बारिश का पानी।

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भारी बारिश में हेसल के पास निर्माणाधीन रांची-मुरी फोरलेन सड़क तालाब में तब्दील हो गयी है। इससे राहगीरों को आवागमन में घोर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि पानी निकासी के लिए सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण तो कर दिया गया है, परंतु घटिया निर्माण के कारण नाली जाम हो गयी है। पानी निकासी नहीं होने से काफी दूर तक सड़क पर जल जमाव हो गया है। ग्रामीणों ने संवेदक से यथाशीघ्र नाली को दुरुस्त करने की मांग की है।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा ही एकमात्र विकल्प : चिकित्सा पदाधिकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ईचागढ़ में एमडीए, आइडीए कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी, उप मुखिया दिनेश मंडल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरेंद्र सिंह मुंडा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं प्रभारी चिकिसा पदाधिकारी डॉ हरेंद्र सिंह मुंडा ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा ही एक मात्र विकल्प है, तथा सभी से दवा के सेवन के लिए अपील की। वहीं जिला परिषद सदस्य ने भी बताया कि अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी स्वयं हमें ही लेनी होगी, दवा लेने का मतलब है, अपने स्वास्थ्य का बीमा करना। सभा को डॉ रवि, डॉ अनुपम घोषाल ने संबोधित किया। साथ ही मौके पर ही सभी को फाइलेरिया रोधी खुराक दी गयी। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड लेखा प्रबंधक रौशन कुमार झा ने किया। इस अवसर पर सभी कार्यालय कर्मी, पदाधिकारी, सहिया, सेविका तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# बुंडू में तीन दिनों से जलापूर्ति ठप कुआं का पानी पीने को ग्रामीण विवश



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** नगर पंचायत बुंडू में पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति ठप है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए कुआं और चापाकल पर निर्भर रहना पड़ रहा हैं। ज्ञात हो कि चार दिन पहले सुभाष चौक के पास संवेदक के द्वारा पुल निर्माण को लेकर पुराने पुल को ध्वस्त करते समय जलापूर्ति पाइप बुरी तरह से नष्ट हो गया था। इस टुटे पाइप को बदलने की दिशा में अब तक नगर पंचायत की ओर से कोई पहल नहीं की गयी है, इससे नगर पंचायत के बहुत बड़े जनसंख्या वाले क्षेत्र में जलापूर्ति नहीं हो रही है। ऐसे में बहुत से घरों में दूषित जल पीने के लिए लोग विवश हैं। जलापूर्ति ठप होने से लोगों को बीमारियों का खतरा सताने लगा है।

# आम्रेश्वर धाम के मेला में उमड़ी भारी भीड़, जमकर हुई खरीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** बाबा आम्रेश्वर धाम में चल रहे श्रावणी मेले का भले ही पूर्णिमा को समापन हो गया हो, इसके बावजूद रविवार को लोगों का हुजूम उमड़ पड़ां। भीड़ का आलम यह था कि लोगों को 500 मीटर की दूरी तय करने में पसीने छूट रहे थे। भीड़ कों देखते हुए बाबा आम्रेश्वर धाम जाने वाली सभी सड़कों पर बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रशासन द्वारा रोक लगा दी गयी थी। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी व सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे। पूजा अर्चना के बाद दूर-दराज क्षेत्रों से आये श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेला का आनंद उठाया। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही डंडाधिकारियों के साथ समुचित मात्रा में महिला व पुरुष बल के जवानों की तैनाती की गयी है। लोगों ने खेल तमाशा, झूले का आनंद लिया। साथ ही विभिन्न तरह के व्यंजनों को लुत्फ उठाया। मेला परिसर में सुबह से ही विभिन्न क्षेत्रों के लोग जुटने लगे थे। देर शाम तक लोगों की भारी भीड़ मेला परिसर में जमी रही। भीड़ देखकर दुकानदार भी काफी खुश नजर आये।

# बेंती में ग्रामीणों ने दुर्गापूजा धूमधाम के साथ मनाने का लिया निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता हरि नारायण गंझु और संचालन गणेश भुईयां ने किया। बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्याय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया, साथ ही इस वर्ष बेती पंचायत में दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। साथ ही पूजा के सफल संचालन को लेकर ग्रामीणों की अगली बैठक में दुगार्पूजा समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों की अगली बैठक 14 अगस्त को रखी गयी है। बैठक मे हरिनारायण गंझु, रोहन गंझू, जयप्रकाश कुमार साहू,संजय कुमार केशरी, गणेश भुइयां, कृष्णा गंझू, कैला दुसाध, दिलीप गंझू, शिव कुमार, दुर्गा पासवान, राजेंद्र केशरी, शंकर गंझू, राजेश प्रजापति, सीताराम केशरी, लखन साव, बैजनाथ प्रजापति, खंजाची प्रजापति, अजय प्रजापति, प्रेम कुमार ठाकुर, अंकित केशरी, ललित ठाकुर, दिनेश केशरी, चमन गंझू, सिकेंदर प्रजापति सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# तिरंगा यात्रा अभियान के सफल संचालन को लेकर की गयी कार्यशाला

**बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 अगस्त को सुबह 10 बजे पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर में तिरंगा यात्रा निकाला जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार ।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में भाजपा पिपरवार मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अभियान संयोजक अरुण कुमार सिंह और संचालन पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा ने किया। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान के तहत पिपरवार में तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 12 अगस्त को सुबह 10 बजे पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर में तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया, जिसमें मंडल के सभी कार्यकर्ताओं के अलावा स्थानीय लोगों से भी शामिल होने की अपील की गयी।

तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर पर संयोजक मंडली का गठन किया गया, जिसमें पिपरवार मंडल संयोजक में अरुण कुमार सिंह, सह संयोजक धनराज भोक्ता, राजेंद्र चंद्रवंशी को बनाया गया। वहीं शक्ति केंद्र बचरा दक्षिणी पंचायत के लिए रविंद्र कुमार सिंह, कृष्णा प्रसाद, मुकेश राणा, बचरा उतरी पंचायत में राघवेंद्र कुमार, जगदीश महतो, मुनेश्वर मुंडा, कल्याणपुर पंचायत में रविंद्र सिंह, कारण महतो, बबीता देवी, बहेरा पंचायत में महेश विश्वकर्मा, संजय कुमार भोक्ता, रामलाल महतो और बेंती पंचायत में सुखी गंझु, आर्यन कुमार, आदित्य केसरी और भोला पासवान को शामिल किया गया।

बैठक में मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, लक्ष्मण मंडल, मुखिया रीना देवी, धनराज भक्ति, सुखी गंझु, करण महतो, संजय गंझु, अनिल पांडेय, जगदीश महतो, शीतल महतो, कृष्णा प्रसाद, आर्यन कुमार, परमेश्वर गंझु सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राहे में तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक



आजाद सिपाहीद संवाददाता

**राहे।** भारतीय जनता पार्टी राहे मंडल की ओर से हर घर तिरंगा, -तिरंगा यात्रा अभियान के सफल संचालन को लेकर राहे भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल महामंत्री मेघनाथ महतो ने किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रभारी के रूप में बुंडू नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष तथा भाजपा रांची जिला कार्यसमिति सदस्य राजेश उरांव मौजूद रहे।प्रभारी ने तिरंगा यात्रा के विषय में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यशाला में भाजपा राहे मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पूर्व मंडल अध्यक्ष ज्योति प्रसाद कोइरी, मंडल उपाध्यक्ष राजू महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, मोर्चा महामंत्री लक्ष्मण महतो, मंडल कार्यसमिति सदस्य गंगाधर साव, भरत दास, फलिंद्र हजाम, कनक अहीर, वीरेन महतो आदि मौजूद थे।

# बचरा श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में आज 4:00 बजे से श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्याय का ब्यौरा पेश किया जायेगा, साथ ही इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने को लेकर चर्चा की जायेगी। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का पुर्नगठन करने को लेकर भी चर्चा किया जायेगा। बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के सभी सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, प्रशासन, समाजसेवी सहित प्रबुद्ध लोगों से शामिल होने की अपील की गयी है।

# स्वतंत्रता दिवस पर रामदास बेदिया होंगे राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज में शामिल

## बेदिया समाज के लिए गौरव की बात है रामदास को आमंत्रण मिलना : भुवनेश्वर बेदिया

पहलू बेदिया

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड के बीसा पंचायत अंतर्गत बीसा गांव के टोला सिमरा टोली निवासी रामदास बेदिया को स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्हें आमंत्रण पत्र देने डाक विभाग के निरीक्षक सिकंदर प्रधान एवं अधिदर्शक समीर कुमार साहू खुद पहुंचे थे। रामदास बेदिया एक गरीब परिवार से संबंध रखता है। उनके घर में पत्नी तिलकी देवी, पुत्र पवन बेदिया, उज्वल बेदिया, पुत्री सविता कुमारी एवं वृद्ध मां रीवन देवी हैं। जो खेती बाड़ी करने के बाद परिवार का भरन पोषण करने के लिए मजदूरी भी करते हैं। पत्नी भी खेती बाड़ी में सहयोग करती है। जबकि बच्चे अभी पढाई कर रहें हैं। रामदास बेदिया ने कहा कि गांव के बाकी लोगों को जिस तरह से प्रधानमंत्री अवास मिलता है, वैसे ही हमें भी प्रधानमंत्री अवास मिला है। मैं अपने अवास को जल्दी पूरा कराने की सोची थी। इसके लिए पत्नी ने अपने स्वयं सहायता समुह से एक लाख 10 हजार रुपये ऋण भी लिया है। जिसे वापस करना है। ऋण लेने से मेरा अवास तय समय सीमा से पहले बन कर तैयार हो गया। मैं राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को कैसे अभार व्यक्त करूं मेरे पास शब्द नहीं हैं। हम तो सपने में भी नहीं सोचे थे की हम कभी राष्ट्रपति भवन का मेहमान बन सकूंगा। एक सुदूर गांव के किसान जिसको प्रखंड कार्यालय तक के पदाधिकारी नहीं पहचानते हैं उसे राष्ट्रपति अपने भोज में शामिल होने का न्योता दिये हैं। मैं उनका अभार जताता हूं। वहीं, पत्नी तिलकी देवी कहती है कि पती को राष्ट्रपति भवन से भोज में शामिल होने के लिए बुलावा आने से बेहद खुश हूं। हम गरीब लोग राष्ट्रपति से मिलने की कल्पना तो सपने में भी नहीं कर सकते हैं, लेकिन आज मेरे पती उस भोज में शामिल होने जा रहे हैं। इसके लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जी का अभार व्यक्त करती हूं। वहीं, मां ने कहा कि बेटा को राष्ट्रपति भवन से बुलावा आना मेरे लिए सपने देखने जैसा है। क्योंकि बेटा को गांव में ही प्रार्थमिक शिक्षा दे पायी। गरीबी के कारण आगे की पढ़ाई नहीं करा पाये। लेकिन आज राष्ट्रपति से मिलने जा रहा है। ये मेरे परिवार के लिए बहुत ही गौरव की बात है। उधर, रामदास बेदिया से पूछे जाने पर कहा कि हमें कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन प्रधानमंत्री आवास मिला है। उसको लेकर कुछ आवश्यक कागजात प्रखंड में मांगा गया था।

जानकारी मिलने पर अनगड़ा के जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, विवेकानंद सेवा केंद्र के अध्यक्ष सह बेदिया विकास परिषद जिला सदस्य संतोष बेदिया, विवेकानंद सेवा केंद्र सचिव कमल बेदिया, सदस्य जगदीश भोगता, नरेंद्रनाथ बेदिया आदि शुभकामनाएं देने पहुंचे थे। सभी ने संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ देकर उन्हें प्रोत्साहित किया।



## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**चान्हो/मांडर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में रविवार की शाम पांच बजे सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जा रहा कि दो युवक तेज रफ्तार बाइक से चान्हो की ओर जा रहे थे। तभी उक्त स्थान पर एक कार से टकरा गये। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों को चान्हो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनकी पहचान सोंस बाजोटोली निवासी आंनद लोहरा और संदीप लोहरा के रूप में हुई है। दूसरी ओर, मांडर बुढ़मू दुमदुमया टोंगरी के समीप रविवार अपराह्न तीन बजे हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान बुढ़मू के सोसाई निवासी महावीर उरांव (38) के रूप में हुई है। वह बाइक से बुढ़मू की ओर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटो से टक्कर हो गई।

## लापुंग : भागलपुर के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी सड़क और टाटरी की पुलिया



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सापूकेरा पंचायत के भागलपुर के ग्रामीणों ने श्रमदान कर टूटी पुलिया का निर्माण कर दिया। बतातें चलें कि भागलपुर से मुख्य पथ जाने के लिए लगभग 10 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। गारई पुल से ऊपर से 12 फिट का रास्ता देने के लिए आपसी सहमति बनी। भागलपुर के लोग ग्रामसभा से पास किये। गरई और भागलपुर के बीच दोन में बने पुराना होम्पाइप पानी से बह गया था। जिससे ग्रामीनो ने श्रम दान से बहे होम पाइप को रास्ता में लाकर रखा और किनारे में मिट्टी डालकर बांस की टाटरी की पुलिया बनाकर बाइक और साइकिल के अलावे पैदल आने जाने लायक बनाया। बतातें चलें कि मालगो मोड़ होकर रास्ता बना था। टेंडर पक्की करन करने के लिए कार्य हो रहा था। लेकिन ठेकेदार बरसात से पहले सड़क के पुल पुलिया को खुदाई कर छोड़ देने से आवागमन बाधित हो गया है। गरई बलारी नदी के पास से पुलिया और रास्ता को बनाने की गुहार मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और स्थानीय मुखिया सविता उरांव से भी ग्रामीणों ने की थी पर कहीं से कोई पहल नहीं हुई। इसके बाद अनिल हीरो, झोड़ा, कुदाल गैता के साथ लोग मिट्टी खुदाई कर झोड़ा से उठकर डाला और चलने लायक बनाया। सहयोगी विमल होरो, अनिल मुंडा और अजीत बारला के अलावे दर्जनों भागलपुरवासी इस कार्य में श्रमदान किये।

## करांजी जराटोली गांव जानेवाली सड़क बदहाल



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** देश भले ही वैश्विक स्तर पर सफलताओं के नये आयाम और कीर्तिमान स्थापित कर रहा हो पर ग्रामीण क्षेत्र के गांव में आज भी कच्चे रास्ते बदहाल है। सरकार भले ही विकासशील होने का दंभ भरते हुए सड़क का जाल बिछाने का ढिंढोरा पीट रही हो पर जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आजादी के 77 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वसान की घुट्टी पिलाई जा रही है। जहां विकास के इस दौर में हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के बड़े-बड़े दावे हो रहे होते हैं, लेकिन बारिश होने के साथ ही गांव की कच्ची सड़क बदहाल हो गयी है। इससे बेड़ो प्रखंड के करांजी जराटोली गांव के लोगों की मुश्किले काफी बढ़ गयी है। पिछले कई वर्षों से गांव का मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त है। यहां हर समय पानी भरा रहता है। जबकि इस रास्ते पर एक संत अन्ना स्कूल भी है। मार्ग में कीचड़ और पानी होने के चलते स्कूली बच्चों-ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव के तबरेज अंसारी, अताउल अंसारी, नसीर अंसारी, अजीज अंसारी, नजीर अंसारी, नसीम अंसारी, शहीद अंसारी, शमुला अंसारी, बसीर अंसारी, रिजवान अंसारी, शकीर अंसारी, अलताब अंसारी, शमशाद अंसारी, शाहबाज अंसारी, अरबाज अंसारी, इकबाल अंसारी, सुधीर, अरुण, विनोद, शनि, बेंजामिन, अरविंद, पास्कल, रंजन, किशोर, विकास आदि ग्रामीणों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग मांग कर चुके हैं। इसके बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षा के दिनों में कीचड़ की समस्या रहती है। गांव की सड़क पर गड्ढे एवं कीचड़ होने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। कीचड़ भरे रास्ते से गुरजने वाली महिलाएं एवं स्कूली बच्चे भी परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और बुजुर्गो को होती है। स्थानीय लोगों ने जन प्रतिनिधियों एवं प्रखंड प्रशासन से जराटोली गांव की सड़क को बनवाने की मांग की है।

## रांची अनन्या स्पोर्टिंग ने जीता रक्षाबंधन फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

# खेल से खिलाड़ियों में सकारात्मक सोच और धैर्य का होता है विकास: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** युवा संगल क्लब सालहन की ओर से आयोजित रक्षा बंधन फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब रांची अनन्या स्पोर्टिंग की टीम ने जीत लिया है। रविवार को सालहन पतराटोली मैदान में खेले गये फाइनल मुकाबले में अनन्या स्पोर्टिंग ने टाईब्रेकर में अजीत ब्रदर्स ओरमांझी को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो और पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले को शुरू कराया। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेल एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्धता आवश्यक है। फुटबॉल भारत सहित पूरे विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल है। खेल से शरीर एवं मन का विकास तो होता ही है, खिलाड़ियों में धैर्य और सकारात्मक सोच भी विकसित होती है। वहीं, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि समाज में एकजुटता के लिए खेल आवश्यक है। खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। वहीं, पारितोषिक वितरण समारोह में सुदेश महतो सहित अन्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। जिसका संचालन डॉ रिझू नायक ने किया। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय महासचिव प्रवीण प्रभाकर, ज्ञान सिन्हा, मोहसिन खान, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, नरेश साहू, वीरेंद्र सिंह भोगता, आतिश महतो, जलनाथ चौधरी, रोशनलाल मुंडा, रोशनलाल यादव, रामनाथ महतो, डॉ दिनेश कुमार, राजेंद्र महतो आदि मौजूद थे। उधर, आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष राजू नायक, डॉ रिझू नायक, सिकंदर अंसारी, दीपक मुंडा, शिबू मुंडा, मनक करमाली, रोहित करमाली, सूरज नायक, दुर्योधन नायक, श्रवण मुंडा, दुर्गा मुंडा, सूरज मुंडा, संजय करमाली, सुरेश करमाली, दिनेश करमाली, रणजीत नायक, दुर्योधन नायक, अविनाश, अभिषेक, मुकेश, सामू, नीरज, प्रवीण, संदीप, अरविंद आदि का योगदान रहा।



खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो।

## स्वतंत्रता दिवस के दिन पड़हा राजा फहरायेंगे झंडा


**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित ऐतेहासिक पड़हा जतरा मैदान में 12 पड़हा राजा विशाल उरांव की अध्यक्षता में 12 एवं 21 पड़हा गांव के लोगों की बैठक हुई। जिसमें विचार विमर्श के बाद इस साल भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर ऐतेहासिक पड़हा जतरा मैदान में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के दिन सुबह 9.30 बजे 12 पड़हा राजा विशाल उरांव झंडोतोलन करेंगें। इसमें 10 एवं 12 पड़हा गांव के लोग और पड़हा प्रेमीयों को शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर चरवा उरांव, घीनू उरांव, बंधना उरांव, एतवा उरांव, विरवा खेस महादेव उरांव, वंदे उरांव, राजू उरांव, मनी उरांव, एतवा उरांव, कोमा उरांव, प्रमेशंकर उरांव, जगेश्वर उरांव, टेलेरफोर उरांव, सोहराई उरांव, एतवा उरांव, काडे उरांव आदि मौजूद थे।

## लिटिल स्टार क्लब बना फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा की ओर से रविवार को बीसा ग्राउंड में नशा मुक्त जागरूकता फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके फाइनल मुकाबले में लिटिल स्टार क्लब सिकिदिरी ने डोगा आर्मी को 3-0 से पराजित कर विजेता बनी। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा शामिल हुए। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर खाद्य आपूर्ति विभाग के विधायक प्रतिनिधि अजय आर्या, सत्यदेव मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयराम बेदिया ने किया। इसे सफल बनाने में पीकेश्वर, प्रेम, सोनाराम, जुकेश्वर, छुटूराम, रोहित, सिद्धेश्वर, केसों, रामदेव, धीरज, चरण आदि का योगदान रहा।

## भारत मुंडा समाज ने किया मानकी पूसा मुंडा स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विश्व आदिवासी दिवस पर भारत मुंडा समाज की ओर से रविवार को सिरका स्थित पिपरा टांड मैदान में मानकी पूसा मुंडा स्मृति फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सुशील पहान एवं विशिष्ट अतिथि भारत मुंडा समाज के प्रदेश महासचिव पुष्कर पहान, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष प्रो सत्यदेव मुंडा, सचिव सोहन मुंडा, चरकु मुंडा, नूतन पाहन, पुशनाथ पहान, सोहन मुंडा आदि उपस्थित थे। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन सिरका पंचायत के मुखिया सह भारत मुंडा समाज के प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष रोशनलाल मुंडा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर सुशील पाहन ने कहा कि मुंडा समाज में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरुरत है उन्हें एक अवसर और बेहतर मंच प्रदान करने की। जबकि रोशनलाल मुंडा ने कहा कि मुंडा समाज के कई होनहार युवक- युवती आज विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इस दौरान फुटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखाने वाली अनु कुमारी, संजोती कुमारी, करीना कुमारी, सुमन कुमारी, रेखा कुमारी आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारत मुंडा समाज के रतिलाल मुंडा, झल्लू मुंडा, विपिन मुंडा, नीतीश मुंडा, लखीराम मुंडा आदि उपस्थित रहे।

## बेड़ो-इटकी के किसानों के बीच मछली बीज का वितरण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में रविवार को झारखंड सरकार के मत्स्य विभाग की ओर से अनुदान पर बेड़ो और इटकी प्रखंड के छह किसानों के बीच मछली पालन के लिए मत्स्य मित्र चरवा उरांव की देखरेख में मत्स्य बीज का वितरण किया गया। मत्स्य मित्र चरवा उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की सोच है कि सभी लोग इस व्यवसाय से जुड़कर मछली पालन कर अच्छा रोजगार कर सकते हैं। उन्होंने मत्स्य विभाग की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की अच्छी पहल है।

# विस्थापितों को अपने अधिकार के लिए एक होने की जरूरत : अंबा प्रसाद

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड विस्थापित जन कल्याण समिति के बैनर तले विस्थापित परिवारों की ओर से रविवार को रैली निकाली गयी। इस दौरान कुटे, तिरिल, लाबेद, तीन सीमानी चौक जतरा टांड़ के समीप आसपास के कई गावों के स्थानीय विस्थापित परिवारों का महजुटान हुआ। झारखंड विस्थापित जन कल्याण समिति के अध्यक्ष कुनाल शाहदेव के नेतृत्व में कुटे सीआरपीएफ चौक से पैदल मार्च निकालकर सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च नया विधानसभा परिसर तक पहुंचकर, जहां नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। इस अवसर पर विस्थापित परिवार का सदस्य होने के नाते बड़कागांव विस के पूर्व विधायक सह कांग्रेसी नेता अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे प्रदेश के विस्थापितों को अपने अधिकार के लिए एक होने की जरूरत है। झारखंड में लाखों विस्थापित हैं जो अपने हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस लड़ाई में हम विस्थापित परिवार के साथ खड़ी हूं। वहीं, झारखण्ड विस्थापित जन कल्याण समिति के अध्यक्ष कुनाल शाहदेव ने कहा कि सरकार रोड के नाम पर 200 फिट चौड़ा नापी कर विस्थापितों, आदिवासी, मूलवासियों, गरीबों के मकान एवं दुकानों को तोड़ने की गहरी साजिश रची है जिसे हम विस्थापित कभी बर्दाशत नहीं करेंगे। होटल ताज भी यहां बनने नहीं देंगे। इस मौके पर विजय मुंडा, कृष्णा मिर्धा, प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, महाबीर लोहरा, किशोर नाथ शाहदेव, राकेश बैठा, महेंद्र मिर्धा, अनुज मिर्धा, संभू उरांव, शोले उरांव, दिलीप सिंह, विनोद सिंह, उषा देवी, आशा देवी, पूनम देवी, विनोद लोहरा, विष्णु लोहरा, विजय बैठा, जैना उरांव, संदीप उरांव, रॉबिन महली, हरिश शाहदेव, आशुतोष शाहदेव, सुशांत शाहदेव, सुनील उरांव, सुमित सिंह, राहुल जयसवाल, चिंटू उरांव आदि उपस्थित थे।



## जमीअतुल मोमेनीन चौरासी की कार्यकारिणी समिति की बैठक

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करनेवालों पर अंकुश और व्यक्तिगत कार्रवाई करने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** रांची जमीअतुल मोमेनीन चौरासी की कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को विलेज ढाबा में हुई। जिसकी अध्यक्षता मो मजीद अंसारी ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि संस्था का पंजीकरण और बैंक खाता खुलवाया जायेगा। कार्यकारिणी के सभी सदस्य से प्रोत्साहन राशि संस्था के कार्यों के लिए लिया जायेगा। सोशल मीडिया साईट पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर अंकुश लगाने एवं व्यक्तिगत कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया। इस मामले में इमरान क्रांतिकारी की ओर से तत्काल साइबर थाना में एक आवेदन किया जायेगा। वहीं, पंचायतों से बैठक कर उपसमिति बनाने की जिम्मेदारी मो लतीफ अंसारी को दी गई है। 15 दिनों के अंदर कड़रु, पुंदाग, डीपाटोली, इलाहिनगर, हरमू, नगड़ी प्रखंड के सभी पंचायतों में उपसमिति का गठन किया जाएगा। रांची अंजुमन इस्लामिया के बायोलॉज में दर्ज मोजाफात के सिलसिले में मंत्री हफिजुल हसन और झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन से एक प्रतिनिधि मंडल मुलाकात भी करेगा। यदि इन इलाकों के मतदाताओं को नहीं जोड़ा जाता है तो आंदोलन करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा रांची अंजुमन इस्लामिया के चुनाव में वोटर बनवाने में सभी पंचायतों को जागरूक करने, संस्था की ओर से कब्रिस्तान, मस्जिद, ईदगाह, मदरसा, इमामबाड़ा के सर्वे के लिए कमेटी गठन कर आगामी बैठक में चर्चा कर फैसला लेने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा जमीअतुल मोमेनीन चौरासी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर झंडा उत्तोलन के लिए रिंग रोड, हुसिर मोड़ के पास जगह का चयन किया गया है। झंडा सुबह 10.30 बजे फहराया जायेगा। साथ ही जमीअतुल मोमेनीन चौरासी के इतिहास की पत्रिका का विमोचन भी किया जायेगा। इस मौके पर सचिव नूर आलम, कोषाध्यक्ष मो अरशद जिया, उपाध्यक्ष मो रिजवान, उपसचिव मो हारीश अंसारी, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी जुनैद आलम, कार्यकारिणी सदस्य मो जमील अख्तर, मो लतीफ आलम, इजराइल अंसारी, मो नौशाद, आजाद, नुरुल होदा, रमजान अंसारी, मो ताजुद्दीन अहमद, रफीक अंसारी, मो सलामत अंसारी, मो अलाउद्दीन, मो शमीम आलम, अफरोज आलम, इमरान अंसारी, इम्तियाज अंसारी, तबारक हुसैन, अब्दुल इमाम अंसारी, तबरेज आलम, मोख्तार अंसारी, मो परवेज आलम और मो अख्तर अंसारी शामिल थे।



## मारपीट और आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कुछ महीने पहले हुई मारपीट एवं आर्म्स एक्ट के आरोपी रोहित यादव को नामकुम पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि 15 मार्च को होली से पहले नामकुम खटाल एवं जोरार बस्ती के लोगों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गयी थी। जिसमें तलवार एवं पिस्तौल भी लहराया गया था। इसमें घायल सोनु मुंडा की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों के बयान पर कई नामजद सहित अन्य पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से रोहित फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत थी। शनिवार को गुप्त सूचना पर नामकुम रेलवे स्टेशन के समीप छापामारी की, जहां से रोहित यादव को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## पुस्तक 'लॉकडाउन' का हुआ विमोचन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** गुलजार रोड स्थित जमाल मंजिल में कार्यक्रम आयोजित कर शहाब हमजा की लिखी पुस्तक 'लॉकडाउन' का विमोचन किया गया। अपने संबोधन में शरीफ अहसन मजहरी ने कहा कि शहाब हमजा की यह पुस्तक कोवि-19 के दौर की जीवंत तस्वीर है, जो आने वाली पीढ़ियों को कोरोनाकल की दिक्कतों और परिस्थितियों से अवगत कराती रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर मजहर इमाम ने कहा कि पुस्तक में महामारी से होने वाली तबाहियों से न केवल अवगत कराया है, बल्कि समाज और सरकार की प्रशंसा भी की है तो इन्हें आईना भी दिखाया है। इस दौरान डॉ वकील अहमद रिजवी, डॉक्टर गालिब नश्तर, डॉक्टर बदीउज्जमा, मोहम्मद दानिश अयाज, तस्लीम राजा, फरहीन बेगम, मौलाना मुनीरूद्दीन, हाजी मोइनुद्दीन ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दूसरे क्षेत्र में मुशायरा का आयोजन किया गया। जहां आइपीएस प्रशांत करण, मौलाना मुशर्रफ कासमी, नासिर अफसर, कुदरत अल्लाह कुदरत, इकबाल जमानवी, जीशान अल्तमश, मेहताब इस्लाही, तबीब हसन ताबिश, शगुफ्ता तहजीब, जुबेर अहमद ने भी शायरी पेश किया। संचालन आरिफ निजाम ने किया। इस मौके पर मोहम्मद इकबाल, हाजी इशरत आलम, अरशद जमाल, डॉ शगुफ्ता बानो, अंजुम जमाल, गजनिफर इमाम, मेराज आलम डॉक्टर नैय्यर मुमताज, आसिफ रजा, हाजी अली हसन, मोइनुद्दीन अंसारी, रशीदा खातून, हलीमा बानो, रेहाना बेगम, सलेहा परवीन, हाजी इम्तियाज अहमद, मौलाना अयूब, एजाज बशीर आदि मौजूद थे।

## जवाहर नगर में बंद घर से 20 हजार नगद और जेवरात की चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के रिहायसी मोहल्ला जवाहर नगर में बीती रात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है मामले को लेकर घर के मालिक मनोज कुमार नेरविबार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन में बताया घर में मेरे किराएदार मंगल कुमार रहते हैं, वे रक्षाबंधन को लेकर अपने गांव फोरी गये। थे हम लोग भी गुमला से बाहर थे इसी बीच मेरे घर से चोरों ने घर का ताला तोड़ा और गोदरेज से 20 हजार हजार रुपए नगद चोरी कर ली वही मेरे किरायेदार के घर के कमरे का ताला तोड़कर जेवरात की चोरी कर ली है। मनोज ने थाना में आवेदन देकर चोरों को पकड़ने और जेवरात और रुपये बरामदगी की गुहार लगयी है।

# कुम्हारिया हड़ुवा टोली का मजदूर लापता, परिजनों ने दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कुम्हारिया हड़ुआ टोली गांव निवासी 35 वर्षीय मजदुर सनमिला तिर्की टोरी रेलवे स्टेशन से रहस्यमयी ढंग से लापता हो गया है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका को लेकर रविवार की रात 8 बजे सदर थाना पहुंचे और लिखित आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मजदूर के पारिजनों ने बताया सनविला और उसकी पत्नी रितु देवी मजदूरी करने अक्सर शिमला जाया करते हैं चार माह पूर्व दोनों शिमला गये थे जहां से रितु देवी दिल्ली चली गयी जबकि उसका पति 7 अगस्त को वापस गांव लौट रहा था। सुबह 10 बजे उसने पत्नी को फोन कर बताया कि चोरी की घटना को लेकर कुछ लोग उसका पीछा कर रहे हैं। लातेहार पहुंचकर उसने पत्नी को फोन पर बताया कि ट्रेन में लूटपाट की घटना हुई है और कुछ लोग मेरा पीछा कर रहे हैं जिसके बाद वह टोरी रेलवे स्टेशन में उतर गया और जंगल की ओर भाग गया वही लोग उसका पीछा करते रहे। इस बीच फोन पर उसने पत्नी और घर वालों को सारी जानकारी दी। उसने बताया की कुछ लोग लातेहार से उसका पीछा कर रहे थे। टोरी रेलवे स्टेशन के पास वह तेजी से ट्रेन से उतर गया और जंगल की ओर भागने लगा। लेकिन लोग उसका लगातार पीछा कर रहे थे इस बीच फोन पर अपने घर वालों से संपर्क में भी रहा और पल-पल की जानकारी दे रहा था। वही एक गांव पहुंचकर उसने कई लोगों से मदद की गुहार लगाई लेकिन उसकी हालत देखकर लोग डर से अपने घर का दरवाजा बंद कर लिए। वहीं मजदूर ने बताया कि वह थाना की ओर जा रहा है लेकिन वह रास्ता भटक गया और थाना पहुंचने में भी उसे डर लग रहा है इसके बाद वह किसी तरह एक बस में चढ़ने की कोशिश की लेकिन पीछा कर रहे लोग उसे बस से खींच कर नीचे उतारे और उसके साथ जमकर मार पीट की। 4 तक वह परिजनों के संपर्क में रहा उसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और अब वह ना घर पहुंचा है और उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। परिजन किसी अनहोनी के आशंका को लेकर चिंतित हो गये और रविवार की रात 8 बजे सदर थाना पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी थाना को दी।

## रौनियार युवा कार्यकर्ता ने किया रक्तदान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित प्रखंड टोटो के रौनियार युवा कार्यकर्ता अभिमन्यु गुप्ता ने 1 साल के बच्चे के लिए रक्तदान किया। टोटो के सामाजिक कार्यकर्ता सदर अस्पताल टोटो पहुंचे थे। सदर अस्पताल गुमला में घाघरा प्रखंड की एक युवती अपने छोटी बहन के इलाज करा रही थी। इस 1 साल की बच्ची को हर 1-2 महीना में बल्ड की आवश्यकता पड़ती है। बल्ड बैंक गुमला में ए पॉजिटिव बल्ड उपलब्ध नहीं था। जिस कारण युवती रविवार को दिनभर ब्लड के लिए इधर उधर भटक रही थी। इस दौरान युवती अस्पताल के बाहर सामाजिक कार्यकर्ता से गुहार लगायी।

# लगातार हो रही बारिश से किसान का घर गिरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण कच्चे मकानों का गिरना जारी है। ताजा घटना में बनारी के गोरा टोली निवासी वीरन उरांव का घर 4 अगस्त को हुई बारिश के दौरान गिर गया। गनीमत रही कि परिवार के पांचों सदस्य घर के बाहर थे, जिससे उनकी जान बच गयी। अब वीरन उरांव का परिवार सरकारी योजनाओं के तहत बनी धूमकुडिया घर में शरण लिए हुए है। पीड़ित वीरन ने बताया कि हम लोग टोटल पांच सदस्य हैं रहने के लिए मात्र यही घर था जो पानी में गिर गया। प्रशासन हमारी मदद करें ताकि हम पुनः अपना घर बना सकें। स्थानीय समाजसेवी राजू मांझी ने कहा कि वीरन उरांव के परिवार की स्थिति बहुत ही दयनीय है। उनका एकमात्र आशियाना गिर जाने से वे बेघर हो गये हैं। अब वे सरकारी योजनाओं के तहत बनी धूमकुडिया घर में शरण लिए हुए हैं। उन्होंने प्रशासन से आवश्यक सहायता प्रदान करने की मांग की है। वहीं वीरन उरांव के परिवार को भी प्रशासन से मदद की उम्मीद है, ताकि वे पुनः अपना घर बना सकें और अपने परिवार के साथ सुखी जीवन व्यतीत कर सकें।

# आध्यात्मिक ऊर्जा और पवित्र संकल्प से भरा रक्षासूत्र, सकारात्मकता का देता है संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** पवित्र रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस अवसर पर सेवाकेंद्र की बहनों ने उप जिला उपायुक्त सशिंदर बड़ाइक, सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी, डीडीसी दिलेश्वर महतो, सर्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों और सीआरपीएफ कैंप में तैनात वीर जवानों को प्रेम, शांति और सुरक्षा के प्रतीक स्वरूप रक्षा सूत्र बांधा। सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी शांति दीदी ने बहन ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार, भाजपा नेत्री शकुंतला देवी समेत संस्थान के सदस्यों को रक्षासूत्र बांधते हुए बताया कि यह केवल भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मिक सुरक्षा, नैतिक मूल्यों के पालन और समाज में सद्भावना बनाए रखने का पवित्र संकल्प है। उन्होंने कहा कि इस बंधन के माध्यम से हम ईश्वर की शक्ति को अपने जीवन में धारण करने और नकारात्मकताओं से रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। उप जिला उपायुक्त ने बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा और एकता को मजबूत करते हैं। सर्जेंट मेजर ने इसे सुरक्षा बलों के मनोबल को बढ़ाने वाला बताया। सिविल सर्जन ने इसे स्वास्थ्य, सेवा और सुरक्षा का प्रतीक मानते हुए इसकी सराहना की। सीआरपीएफ के जवानों ने बहनों द्वारा बांधे गये रक्षा सूत्र को सम्मानपूर्वक स्वीकार किया और देश की सुरक्षा व सेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में संस्थान के पदाधिकारी, स्थानीय भाई-बहनें, गणमान्य नागरिक और मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# समाज के विकास के लिए पटेल सेवा संघ की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पटेल सेवा संघ गुमला की एक आवश्यक बैठक संघ के महासचिव राधेश्याम सिंह के रामनगर आवास पर की गयी। बैठक में समाज के विकास हेतु प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई प्रमुख रूप से संघ के भवन हेतु जमीन लेने का निर्णय लिया गया एवं आगामी स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी सदस्यों से निवेदन किया गया कि स्थानीय पटेल पार्क में झंडोतोलन कार्यक्रम के लिए शामिल हो। संघ के उपाध्यक्ष अशोक मंडल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की समाप्ति की गयी। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ-साथ अशोक मंडल, कुंदन कुमार, साबिंदर सिंह, राधेश्याम सिंह, द्वारिका सिंह, रितेश सिंह, शैलेंद्र नेहरू, सुरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, विजय कुमार सिंह एवं अन्य सदस्य शामिल हुए।

# घाघरा चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अमित और सचिव संजय बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को समिति के अध्यक्ष बिपिन बिहारी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति की पुरानी कार्यकारिणी को यथावत रखा जायेगा। जिसमें अध्यक्ष अमित नाग, सचिव संजय सिन्हा और कोषाध्यक्ष मनोज महापात्रा के नाम शामिल है। साथ ही इस वर्ष दुर्गा पूजा को पारंपरिक रीति-रिवाजों और भव्यता के साथ मनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में पूजा पंडाल की सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और स्वच्छता पर विशेष चर्चा की गयी। तय किया गया कि इस वर्ष पंडाल को आकर्षक थीम पर सजाया जायेगा और पूजा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से आने वाले कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। समिति ने निर्णय लिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और चिकित्सा सहायता केंद्र की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है बल्कि यह समाज को एकजुट करने और भाईचारे का संदेश देने का अवसर भी है। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से अमित नाग, नीरज जायसवाल, सुशील कुमार, उमेश सिंह, अरुण पांडे, अमित कुमार नाग, मनोज महापात्र, अमित सिंह, मुरली मनोहर सिंह, राकेश चौरसिया, ऋषि महापात्रा, छोटू साहू, सदैय प्रताप जयसवाल, सुदामा गुप्ता, अशोक उरांव, संजय शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर सिसई की पंचायतों का भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत सिसई प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के उपरांत टाना भगत कम्युनिटी हॉल सिसई में एक बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी ने की। प्रखंड प्रभारी फिरोज आलम ने विभिन्न पंचायतों का सत्यापन कर पंचायत अध्यक्षों को प्रमाण पत्र दिया।

इस विशेष संगठनात्मक कार्यक्रम में फिरोज आलम जिला महासचिव सह सिसई प्रखंड पर्यवेक्षक एवं महासचिव रामनिवास प्रसाद ने भाग लिया। पंचायत स्तर पर कार्यरत कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कमिटियों की संरचना, सक्रियता एवं संगठनात्मक गतिविधियों का गहन मूल्यांकन किया। प्रखंड पर्यवेक्षक फिरोज आलम ने कहा कि यह सिर्फ दौरा नहीं, बल्कि कांग्रेस के नव निर्माण की प्रक्रिया है। हम चाहते हैं कि हर कार्यकर्ता को संगठन से जोड़कर, जमीनी स्तर पर जनहित के कार्य किए जायें।

गांव स्तर से ही संगठन की मजबूती शुरू होती है। संगठन सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य हर पंचायत में सक्रिय, समर्पित और जनसंवेदी कार्यकताओं की एकजुटता। इससे कांग्रेस पार्टी की जड़ें और गहरी होंगी।

सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं से संगठन को सक्रिय करने, जनसंपर्क बढ़ाने और कांग्रेस की नीति-नियमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी एवं धन्यवाद ज्ञापन रामनिवास प्रसाद ने किया। मौके पर मुख्य रूप से जितेंद्र लोहरा, महादेव उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, शाहजहां अंसारी, विजय यादव, खुदी बड़ाईक, सोमरा उरांव, मजीद अंसारी, हबीब अंसारी, सोहन लोहार, सोमरा उरांव, शिवपुर रोशन टेटे, नंदकिशोर उरांव, राजकमल उरांव, मुंसाद खान, हीरा उरांव, मंगरु उराव, अनिल उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## लापता महिला का शव सुरसांग के ध्वजा टोंगरी से मिला

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** सुरसांग थाना क्षेत्र के जामलोंगरी गांव के ध्वजा टोंगरी स्थित जंगल में आरा ढोलढाड थाना आरा जिला जशपुर निवासी 32 वर्षीय मूनी बाई का शव सखुआ पेड़ में फांसी में झूलता हुआ सुरसांग पुलिस ने रविबार की दोपहर 12 बजे बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में मृतका के पति शंकर सिंह ने कहा कि उनकी पत्नी कुछ दिन पूर्व अपना माइका जशपुर गयी हुई थी। जहां से वो तीन अगस्त को अपने ससुराल सिमडेगा पाकड डांड जाने की बात कह कर घर से निकली थी। जिसके बाद से वो लापता थी काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पा रहा था। उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी मूनी बाई का दिमागी हालत कुछ दिनों से ठीक नहीं चल रहा था। इस संबंध में मृतका के पति शंकर सिंह के आवेदन पर सुरसांग थाना में यूडी केस दर्ज किया है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में एफसी लापु की टीम रही विजयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** प्रखंड के हाकाजागं स्थित मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तत्वाधान में छह दिवसीय स्वर्गीय डॉ इजिकियल लेओस टोप्पो और उदयवीर टोप्पो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इरमा टोप्पो और पंचायत समिति सदस्य रितेश खेरवार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि इरमा टोप्पो ने आयोजक समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट स्थानीय युवाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने और क्षेत्र में खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से क्षेत्र में एकता और सौहार्द को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। पंचायत समिति सदस्य रितेश खेरवार ने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और अनुशासन भी बढ़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें और अपने कौशल का प्रदर्शन करें।

प्रथम दिन के उद्घाटन मैच में एफसी लापु और एसटी बगहटा लोहरदगा की टीमों ने भाग लिया, जिसमें एफसी लापु ने दो गोल से जीत हासिल की और अगले राउंड में प्रवेश के लिए अपना रास्ता साफ किया। रेफरी सुभाष खलखो के नेतृत्व में खेले गये मैच के दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया और सभी ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन बेहतर तरीके से किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रेम एक्का, सचिव संदीप तिर्की सुनित मिंज, सुभाष खलखो,मसीह एक्का,राजू नगेसिया, सुदामा उरांव, सुधन नगेसिया, पवन उरांव, मुकेश खेरवार, पवन उरांव, संतोष उरांव, छोटेलाल उरांव, सुरेन्द्र उरांव, कुलदीप उरांव,अमर उरांव, अनुग्रह उरांव सहित ग्रामीण और काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## करंट लगने से युवक की मौत

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू के जिंगी गांव निवासी स्व केशव उरांव के 30 वर्षीय पुत्र आजाद उरांव की मौत रविवार को बिजली का करंट लगने से हो गयी। बताया जाता है कि आजाद के घर का बिजली किसी कारण खराब हो गया था, उसका कनेक्शन तार घर के सामने एक पेड़ को छूकर उसका घर गया है, बिजली खराब होने पर वह पेड़ में जैसे ही चढ़ा बिजली का करंट लगने के कारण पेड़ से नीचे गिर गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी पाकर कुडू पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मृतक का शव अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया है।

# अकीदत के साथ निकाली चादर-ए-रब्बानिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** दरबार-ए-रब्बानी जबलपुर मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले 42 वां सालाना शहीदे मिल्लत और 15 वां सालाना मसीहे मिल्लत उर्स के लिए गुमला के मुरीदों और अकीदतमंदों ने चादर भेजी। चादर की ज्यारत के लिए रविवार को बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के बैनर तले चादर के साथ लोगों ने शहर का भ्रमण किया। ट्रस्ट के प्रवक्ता गुलाम साबिर रब्बानी ने बताया कि हर साल की भाती इस साल भी चादर शरीफ को 10 अगस्त की सुबह 11 बजे हनीफ रब्बानी उर्फ हन्नू के मकान गैस गली में जामा मस्जिद के इमाम इनाम रब्बानी, गौसिया मोती मस्जिद के ईमाम हाफिज जाहिद रब्बानी, गौसुलवरा मस्जिद के इमाम हाफिज सद्दाम, मौलाना इब्राहिम रब्बानी और कारी सरफराज अहमद ने संयुक्तरूप से फातिहा खानी कर चादर निकाला। जो पूरे मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र इस्लामपुर, चांदनी चौक, खड़िया पाड़ा, आजाद बस्ती, हुसैन नगर और रजा कॉलोनी समेत सभी जगहों पर भ्रमण कराया गया और अकीदतमंदों को चादर की जियारत करायी गयी। शहर में चादर घुमाते समय जबलपुर से तशरीफ लाये अनवार अहमद सेहरा पार्टी के मो शादाब, मो आशिफ, मो शाहबाज और अनवार नात पढ़े। इसके बाद रविवार रात्रि पीरे तरीकत आले रसूल सैयद अहमद रब्बानी साहब दरबार- ए-रब्बानी जबलपुर शरीफ जेरे सरपरस्ती शाम सात बजे से जबलपुर भेजने वाली चादर का चादरपोशी ट्रस्ट के सचिव साहेब रब्बानी के मकान में कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। चादरपोशी होने के बाद चादर को जबलपुर शरीफ के लिए 13 अगस्त को रवाना कर दिया जायेगा। मौके पर बज्मे रब्बानी कमेटी के सदर पप्पू रब्बानी, तहसीन रब्बानी, रिंकू रब्बानी, एखलाख रब्बानी, शाहजहां रब्बानी, साजिद रब्बानी, रागिब रब्बानी, इम्तियाज रब्बानी, कयूम रब्बानी, साबिर रब्बानी,उबैद रब्बानी, मो कौसर आलम, शादाब रब्बानी, जुनैद रब्बानी, पिंटू रब्बानी, अब्दुल रब्बानी, अहमद रब्बानी, फैजान रब्बानी,मुशाहिद रब्बानी, बबलू रब्बानी, शोएब रब्बानी, मुर्शीद रब्बानी, रेहान रब्बानी समेत कमेटी के लोगों के साथ बच्चे भी शामिल थे।

# ब्राउन शुगर के बढ़ते प्रचलन और चोरी पर रोक लगाने को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने रविवार की अपराह्न 4 बजे शहर के सभी वार्ड के प्रतिनिधियों के साथ थाना के सभागार में बैठक की। बैठक में शहर के वार्ड के सदस्य शामिल हुए। वही शहर में ब्रॉउन शुगर के बढ़ते प्रचलन के कारण अपराध चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। वार्ड सदस्यों ने कहा शहर में गांजा कोरेक्स नशीली टेबलेट ब्राउन शुगर व अन्य नशीली पदार्थ की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। वहीं छात्र और कम उम्र के बच्चे इसका शिकार हो रहे हैं। इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने कहा इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नशा और चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाना है। पुलिस सादे वेश में शहर के संधिग्ध इलाकों में गस्ती करेगी साथ ही लोगों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत थाना को देने की अपील की है। बताया आम जनता भी प्रशासन का सहयोग करें वही जो भी व्यक्ति अपना घर छोड़कर बाहर जाते हैं वे थाना को सूचना दे साथ ही अपने पड़ोसी को भी इस बात की जानकारी जरूर दें।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



## धनबाद जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर बीस सूत्री उपाध्यक्ष की अगुवाई में बैठक

# गया पुल चौड़ीकरण और अंडरपास से लिए राशि आवंटित होने के बाद भी काम नहीं हो रहा : ब्रजेंद्र

- सभी ने एक सूर में गया पुल चौड़ीकरण और अंडरपास कार्य अविलंब शुरू कराने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



समस्सयाओं को लेकर हुई बैठक में उपस्थित ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह एवं अन्य।

**धनबाद।** जिला बीस-सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गया पुल एवं अंडरपास निर्माण के साथ ही जिले की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर रविवार को सर्किट हाउस में बैठक हुई। जिसमें ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गया पुल चौड़ीकरण एवं अंडरपास के लिए झारखंड सरकार से पैसा आवंचित कर दी गई है। इसके बावजूद कार्य में शिथिलता समझ से परे है। झारखंड सरकार किसी के दबाव आने या डरने वाली नहीं है। जिला प्रशासन निजी संगत उक्त कार्य का निष्पादन करें, ताकि धनबाद की जनता को जाम की समस्याओं से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि धनबाद के साथ ही गोविंदपुर में भी जाम से निजात दिलाया जाये। कहा कि रेलवे के मुख्य जोनल ऑफिस हाजीपुर से शीला कंस्ट्रक्शन कंपनी को अनापत्ति प्रमाण पक्ष (एनओसी) दिया जाये, ताकि गया पुल अंडर पास का काम शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर में भी निरंतर जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कहा कि पिछले दिनों कोयला चोरी के चलते कई मजदूर की मृत्यु दबकर हो गई थी। जिसकी अविलंब जांच होनी चाहिए। कोलियारियों में आउटसोर्सिंग कंपनियां मजदूरों का शोषण करने के साथ ही उनसे पूरा कार्य कराती है। पर मजदूरी देने में आना-कानी करती है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए मजदूरों को पूरा पैसा अविलंब दिलाया जाये अन्यथा जरूरत पड़ने पर कोयला चोरी में संलिप्त लोगों का नाम उजागर किया जाएगा। कहा कि झारखंड सरकार कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने के साथ ही योजनाओं का लाभ लोगों को सुनिश्चित रूप से मिले जिसके लिए दृढ़ संकल्पित है। धनबाद जिले के लगभग सभी अंचल कार्यालयों में दाखिल खारिज एवं अन्य कार्यों में शिथिलता बरती जा रही है। दाखिल खारिज से संबंधित सैकड़ों आवेदन विभिन्न अंचलों में लंबित है। उन्होंने डीसी एवं सभी सीओ से मांग की कि दाखिल खारिज से संबंधित सैकड़ो लंबित मामलों का निष्पादन अविलंब किया जाए। वहीं, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि गया पुल एवं अंडरपास का निर्माण की मांग बहुत पुरानी है। उक्त कार्य को अविलंब दुरुस्त किया जाए, ताकि धनबाद जिले के लोगों को जाम की समस्याओं से निजात मिल सके। इस दौरान मदन महतो और शमशेर आलम ने संयुक्त रूप से कहा कि बैंक मोड़ गया पुल का निर्माण होने से धनबाद के लोगों को जाम की समस्याओं से निजात मिल सकेगी। उक्त दोनों ने पुल का अविलंब निर्माण करने की मांग की। बैठक की विस्तृत जानकारी बीस-सूत्री सदस्य सह धनबाद जिला कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता पप्पू कुमार तिवारी ने दी। इस मौके पर बीस सूत्री सदस्य सह प्रदेश महासचिव मदन महतो, बीस-सूत्री सदस्य सह प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, हराधन रजवार, योगेंद्र सिंह योगी, पप्पू कुमार तिवारी, अनिल साव, मनोज यादव, नवनीत नीरज, शंकर प्रजापति, प्रभात सुरोलिया, आमिर हाशमी, आसिफ राजा साहब, रमेश राय, इम्तियाज आलम, आमिर खान, इकराम कुरैशी और अखिलेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

# धनबाद जिले में 2100 फाइलेरिया मरीजों का बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

## 13 अगस्त को कनकनी स्वास्थ्य केंद्र से होगी शुरुआत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** जिले में फाइलेरिया के गंभीर मरीजों को दिव्यांगता से जुड़ी योजनाओं का लाभ देने की तैयारी शुरू की गयी है। स्वास्थ्य विभाग निर्देश के बाद अब फाइलेरिया के मरीजों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाएंगे। 13 अगस्त को धनबाद में इसकी शुरूआत कनकनी स्वास्थ्य केंद्र से की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। 13 अगस्त के बाद धनबाद के दूसरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों में भी ऐसे मरीज के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए शिविर लगाये जाएंगे। बतातें चलें कि लंबे समय से फाइलेरिया के मरीज सरकार से दिव्यांग प्रमाण पत्र की मांग कर रहे थे। सरकार के निर्देश के बाद अब मरीजों को राहत मिली है। सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि शिविर लगाने का उद्देश्य फाइलेरिया के मरीजों को भी दिव्यांग प्रमाण पत्र के माध्यम से सरकारी सहायता देना है। गौरतलब हो कि धनबाद में लगभग 4600 फाइलेरिया के मरीज हैं। लेकिन इसमें से लगभग 2100 मरीज ऐसे हैं। जिन्हें दिव्यांग की श्रेणी में रखा गया है। इसमें खासकर हाथी पांव के मरीज हैं। जिस कारण ऐसे मरीजों के पांव वक्र हो गए हैं।

### चलाया जा रहा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**धनबाद में फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की ओर से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष लगभग 26 लाख आबादी को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की अपील की जा रही है। फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है।**

# एकजुटता भारत को विश्व में सबसे ऊंचा स्थान दिलायेगा : राज सिन्हा



धनबाद में भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा धनबाद महानगर के सदर मंडल एवं बरटाड़ मंडल की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा रविवार को जिला परिषद मैदान से शुरू होकर गांधी चौक होते हुए सिटी सेंटर जाकर संपन्न हुआ। इस मौके पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा, महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह, संजीव अग्रवाल और रमेश राही सहित पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में आम जन शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सह जिला कार्यक्रम प्रभारी मानस प्रसून ने किया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। आज धनबाद ने जो उत्साह दिखाया, वह अद्वितीय है। यही एकजुटता भारत को विश्व में सबसे ऊंचे स्थान दिलाएगी। हमारा हर कदम देश की एकता और अखंडता को मजबूत करेगा। यह यात्रा युवाओं में नई ऊर्जा और जोश भरेगा। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि धनबाद की धरती हमेशा राष्ट्रभक्ति की मिसाल रही है। आज का दृश्य हर दिल में देशभक्ति की ज्वाला जगा गया। वहीं, प्रदेश समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि यह सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि एक संकल्प है। हम सब तिरंगे की रक्षा और सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री मानस प्रसून, वीरेंद्र हांसदा, नरेंद्र त्रिवेदी, रीता यादव, अभिमन्यु कुमार, रूपेश सिन्हा, नित्यानंद मंडल, मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, भीम दे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता और धन्यवाद ज्ञापन बरटाड़ मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल ने किया।

# 20 लाख की पोकलेन मशीन काटकर ले गये लोहा माफिया

पुलिस-जिला प्रशासन और प्रबंधन को नहीं लगी भनक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**महुदा।** भाटडीह ओपी क्षेत्र में लोहा माफियाओं का मनोबल बुलंदी पर है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण शनिवार को देखने को मिली। लोहा माफिया आधी रात, भाटडीह धोड़ा के पास बीसीसीएल का पुराना पोकलेन मशीन गैस कटर से काटकर चंद घंटों में उड़ा ले गये। इस वारदात को अंजाम देने में 20-25 लोगों का संगठित गिरोह शामिल था, जिसने भारी वाहनों और उपकरणों के साथ फिल्मी अंदाज में पूरी घटना को अंजाम दिया। मशीन की कीमत करीब 20 लाख रुपये बतायी जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, माफियाओं का नेटवर्क इतना मजबूत है कि लोग खुल कर बोल भी नहीं पाते हैं। इसी वजह से लोहा माफिया खुलेआम रातों-रात करोड़ों का माल ठिकाने लगा देते हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी दुर्गा मंदिर के पास खड़ी डोजर मशीन समेत कई महंगे उपकरण काटकर बेचे जा चुके हैं। बार-बार हो रही इन चोरी की घटनाओं ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। घटना स्थल पर अभी भी मशीन के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। इधर, भाटडीह ओपी प्रभारी अनूप सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। क्योंकि उन्होंने फोन ही नहीं उठाया। जबकि बीसीसीएल क्षेत्र के जीएम अरिंदम मुस्तफी ने कहा कि मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं, परियोजना पदाधिकारी विभूति मिश्रा ने स्वीकार किया कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन अब वे पूरी रिपोर्ट लेंगे।

# भाजपा भूली मंडल के नेतृत्व में निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा




**भूली (आजाद सिपाही)।** भूली सी ब्लॉक रोड स्थित अटल स्मृति पार्क से भाजपा भूली मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान के नेतृत्व में रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। भाजपा शहरी जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा की शुरूवात की। तिरंगा यात्रा सी ब्लॉक होते हुए बी ब्लॉक अंबेडकर चौक तक गया। जहां बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर शहरी जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि देश की आजादी का 79वां वर्ष 15 अगस्त को मनाने जा रहे हैं। भारत पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नये कीर्तिमान बना रहा है। देश तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं, भाजपा भूली मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान ने कहा कि देश का हर एक बच्चा देश के विकास और निर्माण में सहयोग करें। इस मौके पर पूर्व शहरी जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, मानस प्रसून्न, रजनीश तिवारी, रंजीत कुमार उर्फ बिल्लू, मनमोहन सिंह, गंगोत्री सिंह, आशा राय, इंद्रकांत झा, मनोज कुमार गुप्ता, सुमेश कुमार साव उर्फ गामा, जितेंद्र चौहान, कुणाल रंजन, कलावती देवी, मंजू देवी, मिना सिंह, ओम प्रकाश झा, कैलाश गुप्ता, संकट मोचन पाण्डेय, गौरव कुमार, मनोज कुमार, सचिन कुमार, शुकर दास, पवन दास, अरविन्द कुमार, सुनील सिंह, सतेंद्र ओझा, ललन मिश्रा, एस डी सिंह, विनोद कुमार, आनंद सिन्हा, सखी चंद महतो, पप्पू शर्मा, महेश सिंह, उपेंद्र सिंह, शंकर कुमार, रमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# स्वदेशी ही भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ः अमरेंद्र सिंह



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से 9 अगस्त 1942 अगस्त क्रांति की स्मृति में चलाए जा रहे विदेशी सामान बहिष्कार अभियान के दौरान सभा, नुक्कड़ सभा के अलावा स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में धर्मशाला मोड़, चेकपोस्ट चास, सेक्टर 12 मोड़, सिटी सेंटर, सेक्टर 4, एवं राम मंदिर के पास नुक्कड़ सभा की गयी। जिसमें क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वदेशी भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रांत मेला प्रमुख दिलीप वर्मा ने कहा कि पूर्व में भी स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी स्वीकार विदेशी बहिष्कार का कार्यक्रम के तहत देश के ढाई लाख से अधिक गांवों में जाकर स्वदेशी-विदेशी की सूची वितरण कर आम जनों को स्वदेशी के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया था। इस वर्ष स्वदेशी जागरण मंच ने निश्चय किया है कि पांच करोड़ घरों में जाकर प्रत्येक परिवार को स्वदेशी-विदेशी की सूची न केवल वितरित करेगा, बल्कि उन्हें शपथ भी दिलाया जायेगा कि वे अपने घरों में स्वदेशी सामान का ही प्रयोग करें। इस मौके पर विवेकानंद झा, नवीन सिन्हा, कुमार संजय, अशोक रंजन, ददन प्रसाद, अवधेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बोकारो जिला अंतर स्कूल गतका प्रतियोगिता में एमजीएम स्कूल बना विजेता, जीते 17 गोल्ड

- जिले भर के विभिन्न स्कूलों के 200 प्रतिभागियो ने लिया था हिस्सा




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पहली बार आयोजित बोकारो जिला अंतर स्कूल गतका प्रतियोगिता में 200 अंक, 17 गोल्ड, नौ सिल्वर और 17 ब्रोंज के साथ एमजीएम स्कूल विजेता बना। एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन एमजीएम स्कूल बोकारो की मेजबानी में किया गया। जिला गतका संघ के सचिव राजीव सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 150 अंक, चार गोल्ड, छह सिल्वर एवं 11 ब्रांज मेडल के साथ पिट्स मॉडल गोमिया उपविजेता रहा। जबकि 100 अंक एवं पांच सिल्वर और 10 ब्रांज मेडल के साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल चास तीसरे स्थान पर रहा। बतातें चलें कि उक्त प्रतियोगिता में बोकारो जिले के विभिन्न स्कूलों दिल्ली पब्लिक स्कूल चास, एमजीएम बोकारो, पिट्स मॉडल गोमिया, बोकारो मार्शल आर्ट अकैडमी के अलावा कई अन्य स्कूलों से 200 बच्चों ने भाग लिया। दूसरे चरण में आयोजित समापन समारोह में बोकारो ओलंपिक संघ के विपिन कुमार सिंह एवं एमजीएम स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर जोशी वर्गीस ने बच्चों को ओवरऑल ट्राफी एवं मेडल प्रदान कर उत्साहित किया। साथ ही गतका खेल के महत्व के प्रति जागरूक किया। फादर वर्गीस ने अपने संबोधन में गतका खेल को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए जरूरी बताया। उन्होंने खेलो इंडिया और एसजीएफआई जैसे खेलों में बच्चों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी क्रेडो वर्ल्ड स्कूल धनबाद में आगामी 23 एवं 24 अगस्त को आयोजित होने वाले झारखंड राज्य गतका प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर पिट्स मॉडल गोमिया की मैथिली ठाकुर, एमजीएम स्कूल के अवनि कुमारी, आयुष बासुकी, जसमीत कुमार, देवराज मिश्रा और डीपीएस चास के विवेक महतो को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। वहीं, प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संचालन करने में पायल कुमारी, शुभम कुमार, हर्षित कुमार, संजू कुमार, प्रियांशु राज सिंह, आशीष कुमार, आयुष कुमार ठाकुर, वेदांत भारद्वाज का अहम योगदान रहा। जबकि कोच के रूप में पिट्स मॉडल मॉडल गोमिया स्कूल से प्रशिक्षक नईम अंसारी एवं खुशी कुमारी दिल्ली पब्लिक स्कूल चास से राहुल प्रताप सिंह एवं एमजीएम स्कूल बोकारो से मोहसिन को जिला संघ की ओर से सम्मानित किया गया।

# समाजसेवी रमजान कुरैशी का निधन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रांची के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं होली स्पीट फाउंडेशन झारखंड के अध्यक्ष डोरंडा निवासी रमजान कुरैशी को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके निधन पर लोगों ने शोक प्रकट किया है। वहीं, रमजान कुरैशी के भाइयों ने बताया कि वो हमेशा सामाजिक विकास के लिए तैयार रहते थे। उधर, डोरंडा स्थित कब्रिस्तान में रविवार को सुपुर्द ए खाक किया गया।

## दो दिवसीय स्पर्श 2025 कॉन्क्लेव का सफल समापन

# खुश और प्रेरित कर्मचारी ही किसी संस्थान की असली ताकत होते हैं : डॉ विनय रंजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**धनबाद।** बीसीसीएल का दो दिवसीय स्पर्श 2025 कॉन्क्लेव कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इसमें कोयला उद्योग शैक्षणिक संस्थान और कॉर्पोरेट नेतृत्व से जुड़े एचआर विशेषज्ञ और शीर्ष प्रबंधन ने मिलकर स्पष्ट और नेतृत्व आधारित प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर गहन विचार विमर्श किया। इस अवसर पर कोल इंडिया के निदेशक (मानव संसाधन विभाग) डॉ विनय रंजन ने कहा कि आज के समय में एचआर केवल प्रतिक्रियाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठन की आत्मा बन गया है। खुश और प्रेरित कर्मचारी ही किसी संस्थान के असली ताकत होते है। कहा कि पहले आप खुद खुश रहें, तभी दूसरों को भी खुश रख सकते हैं। वहीं, इसीएल के सीएमडी सतीश झा ने कहा कि आज का कार्यस्थल केवल लक्ष्य की प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक संतोष का स्थान बनना चाहिए। जब व्यक्ति का उद्देश्य संगठन के लक्ष्य से जुड़ता है, तभी उत्कृष्ट कार्य संभव हो सकता है। विशेषण के निदेशक मानव संसाधन मुरली कृष्ण रमैया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि स्पर्श कॉन्क्लेव सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि विचारों, संवादों और एचआर की नई सोच की दिशा में एक पहल है। उन्होंने कहा कि अपने कर्मियों के साथ अच्छे व्यवहार और उनकी समस्याओं का निदान करने के लिए उन्हें समय दें। एक बार हृदय स्पर्श हो गया तो समस्या का निदान तत्काल हो जाएगा। मूसली कृष्णा रमैया ने एक बेहतरीन पहल कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया है। कॉन्क्लेव में कोल इंडिया, उसकी अनुसांगिक कंपनियों के शीर्ष अधिकारी, निदेशक केशव राव (एमसीएल) निदेशक हर्षनाथ मिश्रा, निदेशक गुंजन कुमार सिन्हा, (इसीएल) डॉ हेमंत शरण पांडे, दूसरे कंपनियों से आए निदेशक, शंकर नागाचारी सीएमपीडीआई, रेणुका वर्मा के साथ ही डीवीसी के कार्यपालक निदेशक अखिलेश कुमार, मैथन परियोजना के पार्थो सारथी मुखर्जी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोयला भगवान के एचआर और पीआर के के पदाधिकारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

# बरारी प्रबंधन ने छाता धौड़ा से लोगों को विस्थापित करने का दिया नोटिस

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के भूलन बरारी कोलियरी प्रबंधन ने शनिवार को छाता धौड़ा मोहल्ला को अग्नि एवं भू-धंसान क्षेत्र घोषित करते हुए सुरक्षा का हवाला देकर विस्थापित करने का सूचना पत्र जारी किया है। इसके बाद मोहल्ला वासियों में हड़कंप मच गया है। बतातें चलें कि छाता धौड़ा में लगभग 100 परिवार ईस्ट इंडिया कंपनी के समय से रहते आ रहा है। प्रबंधकीय लापरवाही के चलते मुहल्ले के समीप भूमिगत आग का जोर शोर से फैलाव होने के चलते मुहल्ले में भ-धंसान का खतरा बढ़ता जा रहा है। वहीं, मुहल्ले के समीप चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तारीकरण के कारण हैवी ब्लास्टिंग-प्रदूषण से भी लोग परेशान हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



### रक्षा मंत्री ने नाम लिये बिना डोनाल्ड ट्रंप को दिया तगड़ा जवाब

# सबके बॉस तो हम हैं: राजनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन में रेल कोच फैक्ट्री की आधारशिला रखने पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोला। इशारों में ही सही, राजनाथ सिंह ने टैरिफ वॉर के चलते बढ़ते तनाव के बीच कहा कि कुछ लोग खुद को दुनिया का बॉस समझते हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि सबके बॉस तो हम हैं।

ट्रंप का नाम लिये बगैर रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ लोगों को भारत की तरक्की पसंद नहीं आ रही है। अपने संबोधन के दौरान वो सोच रहे हैं कि भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है और कई लोग यह कोशिश कर रहे हैं कि भारत में बनी, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जायें, ताकि जब चीजें महंगी होंगी, तो दुनिया उन्हें नहीं खरीदेगी। यह कोशिश की जा रही है। लेकिन भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है, मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि अब दुनिया की कोई भी ताकत भारत को दुनिया की एक बड़ी शक्ति बनने से नहीं रोक सकती।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, उस समय भारत के रक्षा उत्पाद की निर्यात होनेवाली चीजों की कीमत छह सौ करोड़ रुपये थी। अब 24 हजार करोड़ से ज्यादा के रक्षा उत्पाद हम दूसरे देशों को भेज रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह नये भारत का नया रक्षा क्षेत्र है। यही भारत की ताकत है। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने मान लिया था कि भारत शांत बैठ जायेगा। प्रधानमंत्री का संकल्प था कि हम इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। ऐसी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि धर्म पूछ कर मारेंगे। हम किसी की हत्या में विश्वास ही नहीं करते हैं। हमने ठान लिया था कि हम धर्म पूछ कर नहीं मारेंगे। हम उनका कर्म देखकर मारेंगे और हमने कर्म देख कर मारा।

# अगला युद्ध जल्द हो सकता है: थलसेना प्रमुख

■ हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी ■ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सरकार ने फ्री हैंड दिया था

आजाद सिपाही संवाददाता



**चेन्नई।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जतायी है। उन्होंने कहा कि अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिल कर लड़नी होगी। इसके अलावा 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम शतरंज खेल रहे थे। हमें नहीं पता था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही दुश्मन को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने आइआइटी मद्रास में 'अग्निशोध'- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। यह कार्यक्रम चार अगस्त को हुआ था, लेकिन इसका वीडियो रविवार को सामने आया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की प्लानिंग की, जिसमें हमने नौ में से सात आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। इसमें कई आतंकी भी मारे गये। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है, जिसने पूरे देश को प्रेरित किया।

# 26 को नौसेना में शामिल होंगे युद्धपोत उदयगिरि और हिमगिरि

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के बेड़े में 26 अगस्त को एक साथ दो बेहद आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट्स (रडार को चकमा देने वाले युद्धपोत) उदयगिरि (एफ-35) और हिमगिरि (एफ-34) शामिल होंगे। यह पहली बार होगा। जब देश के दो बड़े शिपयार्ड में बने इस तरह के युद्धपोत एक साथ नौसेना में शामिल किए जायेंगे।

बता दें कि उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने बनाया गया है, जबकि हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने तैयार किया है। खास बात यह है कि उदयगिरि नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो का 100वां डिजाइन किया गया जहाज है। करीब 6700 टन वजनी ये जहाज शिवालिक क्लास से बड़े और ज्यादा उन्नत हैं। इनका डिजाइन ऐसा है कि ये रडार को चकमा देने में सक्षम हैं। इनमें डीजल इंजन और गैस टर्बाइन दोनों लगे हैं, आधुनिक मिसाइलें, तोप और पनडुब्बी रोधी हथियार भी हैं। दोनों भारतीय नौसेना के नेक्स्ट-जनरेशन स्टील्थ वॉरशिप हैं, जो प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनाये गये हैं। इन युद्धपोत के निर्माण में 200 से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिससे 4,000 से ज्यादा लोगों को सीधी और 10,000 से ज्यादा को अप्रत्यक्ष नौकरियां मिलीं। 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' का जलावतरण जहाज डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नौसेना इसके बाद अन्य स्वदेशी पोतों जैसे विध्वंसक आइएनएस सूरत, फ्रिगेट आइएनएस नीलगिरि, पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट आइएनएस अनार्ला और डाइविंग सपोर्ट वेसल आइएनएस निस्तार का जलावतरण 2025 में करेगी।

# दुनिया झुकती है, झुकाने वाला चाहिए : गडकरी

● हम कई समस्याओं का सामना कर रहे, विश्वगुरु बनना है, तो इंपोर्ट कम और एक्सपोर्ट बढ़ाना होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में अभी जिन विषयों पर चर्चा हो रही, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता। विश्व में हम अनेक तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि दुनिया झुकती है, बस झुकाने वाला चाहिए। गडकरी शनिवार को नागपुर में स्थित विश्वेश्वरैया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीएनआइटी) के कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

गडकरी ने ये भी कहा कि सबसे बड़ी राष्ट्रभक्ति यह हो सकती है कि हम इंपोर्ट को कम करें और एक्सपोर्ट को बढ़ायें। विश्वगुरु बनने के लिए यह जरूरी है। उन्होंने बताया कि दुनिया की सभी समस्याओं का उपाय साइंस, टेक्नोलॉजी और नॉलेज है। अगर हम नॉलेज और पावर का इस्तेमाल करेंगे तो दुनिया के सामने झुकना नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने ये बातें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के ऐलान के 3 दिन बाद कही हैं। ट्रम्प का 25% अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लगेगा।

### कुछ देश दुनिया में दादागिरी कर रहे

नितिन गडकरी ने कहा, 'आर्थिक रूप से संपन्न होने की वजह से दुनिया में कुछ देश दादागिरी कर रहे हैं। उनके पास टेक्नोलॉजी है। अगर हमारे पास उनसे अच्छी टेक्नोलॉजी और रिसोर्स आएंगे तो हमें दादागिरी नहीं करनी है। हमारी संस्कृति कहती है कि विश्व का कल्याण हो। हमने कभी नहीं कहा कि अपना कल्याण पहले करो, फिर दुनिया का। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी जिले, राज्य और क्षेत्रों में अलग-अलग बातें हैं। जहां कचरा ज्यादा है, वहां भी अलग तरह का काम हो सकता है। टेक्नोलॉजी और साइंस में हमारे इंस्टीट्यूशन और साइंटिस्ट उस दिशा में काम करेंगे। इससे देश की प्रगति और विकास दर तीन गुना बढ़ जायेगी।

# पुतिन-ट्रंप 15 अगस्त को अलास्का में मिलेंगे

एजेंसी



**वॉशिंगटन डीसी/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 15 अगस्त को अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करेंगे। इसका मकसद यूक्रेन में साढे तीन साल से चल रहे जंग को खत्म करना है। ट्रंप और पुतिन की मुलाकात होती है तो यह पहली बार होगा जब दोनों नेता अमेरिका की जमीन पर मिलेंगे। रूस ने पहले पुतिन और ट्रंप की मुलाकात के लिए यूएइ का सुझाव दिया था। हालांकि बाद में ट्रंप ने बैठक के लिए अलास्का को चुना। अलास्का उत्तरी ध्रुव के नजदीक कनाडा से सटी वो जगह है, जो कभी रूस का हिस्सा हुआ करती थी। 158 साल पहले रूस ने इसे अमेरिका को सिर्फ 45 करोड़ रुपये में बेच दिया था।

**अलास्का के नजदीक रूसी परमाणु हथियार भंडार :** अलास्का रूस से सिर्फ 88 किलोमीटर दूर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन का यहां पर मिलना ज्यादा मुफीद हो सकता है। अलास्का से रूस के सबसे नजदीकी मिलिट्री बेस करीब 80 से 100 किलोमीटर की दूरी पर हैं। ये बेस रूस के चुक्की स्वायत्त क्षेत्र में स्थित हैं, जो बेरिंग स्ट्रेट के पार है। इस क्षेत्र में रूस के कुछ एयरफोर्स बेस और सैन्य निगरानी स्टेशन हैं, जहां परमाणु हथियार भी हो सकते हैं।

**राजस्थान से 5 गुना ज्यादा बड़ा अलास्का :** अलास्का का क्षेत्रफल लगभग 1,717,856 वर्ग किमी है जो कि भारत के सबसे बड़े राज्य राजस्थान (342,239 वर्ग किमी) से 5 गुना ज्यादा बड़ा है। अलास्का को कभी रूस का स्वर्ग कहा जाता था, लेकिन अब यह अमेरिका का हिस्सा है। 18वीं सदी में रूसी साम्राज्य ने यहां बसना शुरू किया और फर ट्रेड के लिए चौकियां बनायीं। 125 साल बाद 30 मार्च 1867 को रूस और अमेरिका के बीच समझौता हुआ जिसमें रूस ने अलास्का को 7.2 मिलियन डॉलर (करीब 45 करोड़) में अमेरिका को बेच दिया।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**